# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    रायपुर, मंगलवार 10 दिसंबर 2024







## खबर संक्षेप

### संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के नए गवर्नर



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का 26वां गवर्नर नियुक्त किया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मल्होत्रा के नाम को मंजूरी दे दी है। उन्हें 11 दिसंबर से तीन साल के लिए आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया है।

### भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला दो माओवादियों को



**चाईबासा।** झारखंड पुलिस ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में दो माओवादियों की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद जंगल में शवों की तलाश शुरू की है। कोल्हान रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक मनोज रतन चोथे ने बताया हमें सूचना मिली है कि दो माओवादियों की हत्या की गई है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

# बस्तर को नक्सलमुक्त करेंगे, नक्सली सरेंडर करें या उन्हें गोली का जवाब गोली से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर का हर वर्ग चाहता है कि नक्सलवाद से मुक्ति मिले। हमारी सरकार भी नक्सलवाद से बस्तर को मुक्त कराने की दिशा में काम कर रही है। बस्तर वासियों का सपना हमारी सरकार जरूर पूरा करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने की योजना है। इस पर काम हो रहा है। नक्सली या तो हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटें, नहीं तो उनकी गोली का जवाब गोली से भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री से हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर जो सार्थक संवाद किया प्रस्तुत है वो पूरी बातचीत।

**साय सरकार के 1 साल**

## साय बोले- मंत्रिमंडल में बदलाव स्वाभाविक प्रक्रिया

▶▶ *कैसा बीता एक साल?*

▶▶ *एक साल कैसे बीत गया पता ही नहीं चला। कितना लंबा समय देखते-देखते बीत गया। हमारी चिंता तो मोदी की गारंटी को पूरा करने पर थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था छत्तीसगढ़ की जनता से, छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास करके भाजपा को जीत दिलाई और सरकार बनाने का मौका दिया। हमारी भी जिम्मेदारी थी कि मोदी की गारंटी को पूरा करें और जनता के विश्वास पर खरे उतरे। हमने वादा किया था जब सरकार बनेगी तो सबसे पहले जो* ▶▶ शेष पेज 4 पर



▶▶ *विधानसभा चुनाव में एक समय लग रहा था भाजपा की सरकार नहीं बन पाएगी, फिर ये कैसे संभव हो गया?*

▶▶ *विधानसभा चुनाव के छह माह पहले तक यही लगता था कि भाजपा की सरकार बनना मुश्किल है। कांग्रेस को भी अतिआत्मविश्वास था। हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने उत्साह का संचार किया कार्यकर्ताओं में। कांग्रेस ने जो वादे 2018 में किए थे, पांच साल में एक भी वादा पूरा* ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ *नक्सल मोर्चे पर एक साल में मिली सफलता हैरत में डालती है, क्या ऐसा कर रहे हैं, कुछ बताएंगे?*

▶▶ *भाजपा की सरकार जब पहले 15 साल थी, तब भी नक्सलवाद के साथ मजबूती से लड़े। इसके बाद जब पांच साल तक कांग्रेस की सरकार थी तो ऐसा सुनने में आता था नक्सली बोलते थे हमारी सरकार आ गई है। हम लोग सरकार में आए तो दिसंबर में शपथ लेने के बाद जनवरी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आए, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने संकल्प लिया कि आने वाले मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करना है। उनका मार्गदर्शन मिल रहा है। हमारे जवान बड़ी मुस्तैदी से नक्सलियों से लड़े। एक* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**डिप्टी सीएम विजय शर्मा का बडा बयान**

## बस्तर और कवर्धा से बंग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ा, अब दुर्ग से लौटाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री और दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा, घुसपैठियों के लिए यहां जगह नहीं है। उनको खदेड़ा जाएगा। श्री शर्मा ने दुर्ग में सरकार के एक साल पूरे होने वाले स्वच्छता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बीजेपी कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से आने वाले सभी घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाला जाएगा। बस्तर से लगभग 500 और कवर्धा से 350 घुसपैठियों को पहले ही उनके देश भेजा जा चुका है। कोंडागांव जिले में 46 बांग्लादेशी अब भी जेल में बंद हैं। दुर्ग जिले में भी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों के होने की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शाह करेंगे योजनाओं की घोषणा

*डिप्टी सीएम ने बस्तर ओलिंपिक का उल्लेख करते हुए बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस आयोजन में हिस्सा लेने आ रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के लिए कई योजनाओं की घोषणा करेंगे। बस्तर ओलिंपिक में 100 से अधिक ऐसे लोगों को बुलाया गया है, जो कभी नक्सलियों* ▶▶ शेष पेज 4 पर




# रूस ने भारत को सौंपा ताकतवर युद्धपोत आईएनएस तुशिल




भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती जा रही है। इसकी बानगी सोमवार को देखने को मिली जब रूस में निर्मित ताकतवर युद्धपोत आईएनएस तुशिल, भारत को सौंपा गया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी रूस में निर्मित और स्वदेशी मिसाइलों के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीक से लैस युद्धपोत आईएनएस तुशील की कमिशनिंग के साक्षी बने।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नौसेना चीफ के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार देर रात मॉस्को पहुंचे थे, वह मंगलवार को रूस में अपने समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग की 21वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात कर सकते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 दिसंबर तक रूस दौरे पर हैं। इस दौरान वह भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस का दौरा किया था। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी जल्द ही भारत का दौरा करने वाले हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ की मौजूदगी में नौसेना में हुआ शामिल



### भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

इस जंगी जहाज से समंदर में भारतीय नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। आईएनएस तुशिल का वजन 3900 टन है, इसकी की खासियत की बात करें तो यह जंगी जहाज 125 मीटर लंबा और 3900 टन वजनी है, जो अपने घातक अटैक के लिए जाना जाता है। आईएनएस तुशिल रूस और भारतीय अत्याधुनिक तकनीक और वॉरशिप निर्माण का बेहतरीन मिक्सअप है।

**ताकतवर है आईएनएस तुशिल :** सोमवार को भारतीय नौसेना को सौंपे गए इस ताकतवर जंगी जहाज में 18 अधिकारी और 180 सैनिक तैनात हो सकते हैं, जो 30 दिन तक समुद्र में रह सकते हैं। इसमें एडवांस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और 24 मीडियम रेंज की मिसाइलें तैनात की गई हैं। यह तलवार क्लास स्टेल्थ फ्रिगेट का हिस्सा है और इसे रूस के यंत्र शिपयार्ड में बनाया गया है। यह जहाज 59 किमी/घंटा की अधिकतम रफ्तार से चल सकता है।

## साउथ कोरिया में राष्ट्रपति पर लगा ट्रैवल बैन

**सियोल।** साउथ कोरिया में सोमवार को राष्ट्रपति यून सुक-योल पर ट्रैवल बैन लगा दिया गया। साउथ कोरिया के करप्शन इन्वेस्टिगेशन हेड ने बताया कि राष्ट्रपति पर यह बैन मार्शल लॉ लगाने के कारण लगाया गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, साउथ कोरियाई पुलिस



पिछले हफ्ते से ही मार्शल लॉ लागू करने की वजह से उनके खिलाफ विद्रोह के आरोपों की जांच के लिए ट्रैवल बैन पर विचार कर रही थी। यून सुक-योल ने पिछले मंगलवार विपक्षी पार्टी पर नॉर्थ कोरिया से सांठगांठ करने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था। इसके बाद देश को गंभीर राजनीतिक अशांति का सामना करना पड़ा। विपक्ष उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया था, जो पास नहीं हो सका। सत्तारूढ़ दल के ज्यादातर सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर वोटिंग का बायकॉट किया था, इस वजह से विपक्ष इसे पास करने के लिए जरूरी 200 वोट नहीं जुटा पाया। हालांकि बुधवार को साउथ कोरिया में संसद का नया सत्र शुरू हो रहा है।

### प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसदों से पूछे सवाल

# कांग्रेस का आपत्तिजनक बर्ताव: पीएम मोदी और अदाणी का मुखौटा पहनकर पहुंचे सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस का रवैया काफी आपत्तिजनक रहा। कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और और उद्योगपति गौतम अडाणी का मुखौटा पहनकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने माइक और कैमरा लेकर अपने सांसदों से सवाल पूछे। दरअसल सोमवार को संसद भवन के बाहर दो व्यक्ति भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी मुखौटा लगाए राहुल गांधी के कैमरे के सामने खड़े थे।

राहुल गांधी लगातार उनसे पीएम मोदी और गौतम अडाणी के रिश्ते को लेकर सवाल पूछ रहे थे। इसी दौरान रहुल गांधी ने मुखौटा पहने सांसद से कई सवाल किए। इस पर मोदी का मुखौटा लगाए व्यक्ति बार बार जवाब दे रहे थे। संसद परिसर में हो रहे इस प्रदर्शन का एक वीडियो लोकसभा सांसद सुप्रिया भारद्वाज ने शेयर किया है। जिसमें कांग्रेस सांसद पीएम मोदी और गौतम अडाणी का फेस मास्क पहनकर हाथ मिलाते हुए दिख रहे हैं और राहुल गांधी गौतम अडाणी का मास्क पहने कांग्रेस सांसद के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें आगे कैमरे की तरफ बढ़ाते हुए दिख रहे हैं।

संसद परिसर में हो रहे इस प्रदर्शन का एक वीडियो लोकसभा सांसद सुप्रिया भारद्वाज ने शेयर किया है। जिसमें कांग्रेस सांसद पीएम मोदी और गौतम अडाणी का फेस मास्क पहनकर हाथ मिलाते हुए दिखे

**इंडिया गठबंधन में मतभेद, कुछ ने दूरी बनाई**



विपक्ष ने पीएम मोदी और गौतम अडाणी का फेस मास्क पहनकर विरोध प्रदर्शन किया

प्रदर्शन में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए

### सपा और टीएमसी ने बनाई प्रदर्शन से दूरी

वीडियो को पोस्ट करते हुए कांग्रेस सांसद ने लिखा आज संसद परिसर में विपक्ष ने अनोखा प्रदर्शन किया। जिसमें राहुल गांधी शामिल हुए। संसद परिसर में हुए इंडी गठबंधन के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन में सपा और टीएमसी दूरी बनाई हुई है। जहां एक तरफ विपक्ष के नेता राहुल गांधी अडाणी के मामलों को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए लेकिन वहां पर सपा और टीएमसी के सांसद नहीं थे।

### ढाका पहुंचे विदेश सचिव की खरी-खरी

# पहले हिन्दुओं की रक्षा और धर्मस्थलों की सुरक्षा करें तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर बढ़ते हमलों के बीच पहली बार विदेश सचिव विक्रम मिसरी बातचीत के लिए ढाका पहुंचे हैं। ढाका पहुंचते ही उन्होंने बांग्लादेश को दो टूक लहजे में कहा है कि सबसे पहले हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा तय करनी होगी। उन्होंने अपने समकक्ष के सामने सख्ती से ये मुद्दा उठाया। विदेश सचिव मिसरी ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और साझा हित चाहता है, इसलिए बांग्लादेश को भी उसी तरह का व्यवहार करना चाहिए। अपनी उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मिसरी ने कहा, 'मैंने आज बांग्लादेश



प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है।' दोनों देशों के संबंधों में आए तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को ढाका में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक की। अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद भारत की ओर से यह पहला उच्च-स्तरीय दौरा है।

### चिन्मय प्रभु पर एक और केस

हालिया हफ्तों में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद दोनों देशों के संबंध और भी तनावपूर्ण हो गए। इसी कड़ी में चटगांव में हिंदू धर्मगुरु चिन्मय प्रभु और उनके समर्थकों पर कोर्ट परिसर के भीतर झड़प को लेकर केस दर्ज किया गया है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, 26 नवंबर को कोर्ट से वापस लौटते वक्त चिन्मय कृष्ण दास के समर्थकों ने इस्लामी वकालत संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ता इनामुल हक समेत अन्य लोगों पर हमला किया था। हक की शिकायत पर दर्ज किए गए केस में चिन्मय प्रभु को मुख्य आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा 164 नामजद और लगभग 500 अज्ञात लोग भी आरोपी हैं।

### *अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकालने का है प्लान*

# पैदा होते ही नागरिकता मिलने का अधिकार खत्म करेंगे ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वह देश की 'जन्मजात नागरिकता को खत्म करने की योजना बना रहे हैं, जो अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में शामिल है। ट्रंप के इस फैसले इसे उन लोगों के अधिकार छिन जाएंगे जिनके माता-पिता के पास अमेरिका में वैध दस्तावेज नहीं हैं। एनबीसी के साथ एक साक्षात्कार में, ट्रंप ने कहा कि उनका लक्ष्य अपने चार साल के कार्यकाल में अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले सभी अप्रवासियों को निर्वासित करना भी है। यह रिपब्लिकन राष्ट्रपति अभियान में किया गया एक प्रमुख वादा था।



हालांकि, उन्होंने कहा कि वह डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर एक समझौता करने के लिए तैयार हैं, जो 'ड्रीमर्स (अवैध रूप से बच्चों के रूप में अमेरिका में प्रवेश करने वाले अवैध अप्रवासियों) की रक्षा करेगा और उन्हें देश में रहने देगा।

### कैपिटल हमले में शामिल लोगों को करेंगे माफ!

ट्रम्प ने घोषणा की कि अगले महीने कार्यालय में अपने पहले दिन, वह 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हमले में शामिल होने के लिए दोषी ठहराए गए अपने समर्थकों को क्षमादान देंगे। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह इसमें शामिल सभी लोगों को माफ करने पर विचार करेंगे, तो उन्होंने कहा, 'हां। लेकिन मैं बहुत जल्दी कार्रवाई करने जा रहा हूं।' दंगों के दौरान कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करने वालों का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पास कोई विकल्प नहीं था। ट्रंप ने कहा कि वह गर्भपात की गोलियों की उपलब्धता को सीमित करने की योजना नहीं बना रहे हैं। ट्रंप द्वारा अपने पहले कार्यकाल के दौरान नियुक्त तीन रूढ़िवादी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने देश भर में गर्भपात के अधिकार को खत्म करने के लिए मतदान किया था।

### एएसआई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा वापस मांगा जाएगा नियंत्रण

# 250 संरक्षित स्मारकें वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके 250 संरक्षित स्मारक वर्तमान में वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत हैं। इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी से उम्मीद है कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सामने इस रिकॉर्ड को रखा जाएगा। एएसआई का कहना है कि वह इन सभी स्मारकों पर अपना नियंत्रण वापस मांगेगी। सूत्रों का कहना है कि इस रिपोर्ट में भारत के मुस्लिम समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्थिति पर 2006 की सच्चर समिति की रिपोर्ट में सूचीबद्ध कई स्मारक भी शामिल हैं। इस रिपोर्ट में 'भारत में वक्फ संपत्तियों को एएसआई के अनधिकृत कब्जे में' के रूप में बताया गया है। ये सभी 172 स्थल राष्ट्रीय महत्व के संरक्षित स्मारक नहीं हैं।



### पहले सिर्फ 120 बताई गई थी संख्या

रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर में हुई जेपीसी की चौथी बैठक में एएसआई की ओर से यह संख्या 120 बताई गई थी। इसके बाद एएसआई ने इंटरनल सर्वे कराया। इसमें यह संख्या बढ़कर 250 पहुंच गई। सूत्रों ने कहा कि एएसआई अब जेपीसी को बताएगी कि प्रबंधन और संरक्षण के कार्य में टकराव देखने को मिलता है। कई स्मारकें ऐसी हैं जिन्हें वक्फ बोर्ड ने एकतरफा तरीके से अपनी संपत्ति के रूप में पंजीकृत किया है। एएसआई और वक्फ बोर्ड के बीच विवाद का एक और कारण इन विवादों की एकतरफा प्रकृति है, ऐसा पता चला है। वक्फ अधिनियम 1995 बोर्ड को दान के नाम पर किसी भी संपत्ति या इमारत को वक्फ संपत्ति घोषित करने का अधिकार देता है।

### 2019 में हुई थी शुरुआत, लगातार बढ़ रही दिलचस्पी

# 8 लाख बच्चों ने चुना सीबीएसई का एआई कोर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समय में अब स्कूली छात्र भी इसका रूख कर रहे हैं। कई राज्यों में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े कोर्सेस भी कराए जा रहे हैं और युवाओं में इस कोर्स को लेकर काफी दिलचस्पी है। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लगभग आठ लाख छात्रों ने एआई कोर्स को चुना है।


सीबीएसई ने 2019 में इस कोर्स को शुरू किया था। यह जानकारी लोकसभा में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दी। दरअसल, गुजरात के सांसद राजेशभाई चुडासमा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कोर्स के बारे में एक सवाल पूछा था। जवाब में जयंत चौधरी ने कहा, 'सत्र 2024-25 में लगभग 4,538 स्कूलों के 7,90,999 छात्रों ने माध्यमिक स्तर पर एआई कोर्स को चुना है। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 944 स्कूलों के लगभग 50,343 छात्रों ने वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर एआई के कोर्स को चुना है।

### 8वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चे पढ़ते हैं इसे

चौधरी ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड ने संबंधित स्कूलों में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत 2019 में की थी ताकि इसके अनुप्रयोग को समझने और उसकी सराहना करने के लिए तत्परता विकसित की जा सके। इस कोर्स का सिलेबस 8वीं के स्टूडेंट्स को 15 घंटे मॉड्यूल और कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को स्किल सब्जेक्ट के रूप में ऑफर किया जाता है। मंत्री ने आगे बताया कि सीबीएसई से संबद्ध रखने वाले 30,373 स्कूलों में से 29,719 स्कूलों में यह कोर्स ऑफर किया जाता है।

### 20 हजार से ज्यादा स्कूलों में हुआ था कोर्स

जानकारी के मुताबिक, सीबीएसई स्कूल में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक विषय के रूप में शुरू करने का विचार सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग ने सुझाया था। इसके बाद सीबीएसई बोर्ड ने इस पर विचार किया और बताया इस अवधारणा को शुरू किया जा सकता है। 2019 में यह कोर्स सीबीएसई के 20299 स्कूलों में शुरू हुआ था। इसके अलावा 25 बाहरी देशों में 220 स्कूलों को शामिल किया था।



रायपुर
मंगलवार, 10 दिसंबर 2024
अगहन शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष: 23, अंक: 144
पृष्ठ: 12+4+4+8 = 28 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 30.4
न्यून. 20.0

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को प्रदान किए जाने हैं बहुविषयक विकल्प*

# अब आईआईटी कराएगा बीए-बीएससी बीएड की पढ़ाई ऐसा करने वाला भिलाई पहला नेशनल इंस्टिट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**अलग खबर**

आईआईटी भिलाई भी अब छात्रों को बीए-बीएड और बीएससी बीएड की पढ़ाई कराएगा। इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद आईआईटी भिलाई में इसका अध्यापन प्रारंभ हो जाएगा। आईआईटी भिलाई प्रदेश का पहला राष्ट्रीय संस्थान होगा, जो इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के साथ ही शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी तरह के शैक्षणिक संस्थानों को बहुविषयक विकल्प छात्रों को प्रदान करने कहा गया है। इसके तहत ही आईआईटी भिलाई अब विद्यार्थियों को बीटेक और एमटेक के अलावा ▸▸ शेष पेज 4 पर

**नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन को भेजा गया है प्रस्ताव**



### बीएड पाठ्यक्रम की जगह लेगा बीए-बीएससी बीएड

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएड पाठ्यक्रम को समाप्त करने की तैयारी है। इसकी जगह बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की पढ़ाई कराई जाएगी। बीएड में किसी भी विषय में स्नातक की पढ़ाई पूर्ण करने वाले विद्यार्थी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अन्य संस्थान भी कर रहे प्रयोग

ना सिर्फ आईआईटी भिलाई बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थान पर भी छात्रों को परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ ही अन्य विषयों का विकल्प दे रहे हैं। हालांकि उनके द्वारा छात्रों को केवल कुछ विषय ही ऑप्शन के रूप में उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि आईआईटी भिलाई पूर्ण रूप से पृथक पाठ्यक्रम ही अपने संस्थान में प्रारंभ करने जा रहा है। सीट निर्धारण के बाद संबंधित फैकल्टी की भी नियुक्ति संस्थान द्वारा कराई जाएगी। प्रदेश में संचालित शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रमों में काउंसिलिंग व प्रवेश प्रक्रिया राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद द्वारा पूर्ण की जाती है, जिसे अब उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा जा रहा है। आईआईटी भिलाई में संचालित शिक्षा पाठ्यक्रमों में काउंसिलिंग प्रक्रिया आईआईटी भिलाई द्वारा ही कराए जाने की संभावना है। हालांकि सभी चीजों को अंतिम स्वरूप प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद ही दिया जाएगा।

### प्रस्ताव भेजा है

बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए एनसीटीई को प्रस्ताव भेजा गया है। विस्तृत जानकारी प्रस्ताव का जवाब आने के बाद ही साझा कर सकेंगे।
- **रत्नदीप सामंथा,** जनसंपर्क अधिकारी, भिलाई

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

विपक्ष के 70 सांसदों ने किए हस्ताक्षर, संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे

# सोरोस और सोनिया को लेकर राज्यसभा में हंगामा
# विपक्ष लाएगा धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा में अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के फाउंडेशन में कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के सह-अध्यक्ष के रूप में तैनाती पर जमकर हंगामा हुआ। बता दें कि भाजपा और साथी दलों ने सभापति से नियम 267 के तहत सोरोस और सोनिया गांधी के बीच सांठगांठ को लेकर बहस की मांग की थी, जिसे सभापति ने खारिज कर दिया। मगर 267 के तहत बहस की मांग खारिज करने के बाद भी सभापति ने एक बार नहीं बार बार भाजपा के सांसदों को उसी विषय पर बोलने पर मौका दिया। नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा सहित ट्रेजरी बेंच के आगे से लेकर पीछे तक सांसदों ने जमकर बोला। कांग्रेस को घेरा। सभापति धनखड़ के इस व्यवहार को कांग्रेस ने पक्षपात मानते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों ने इसका समर्थन किया है।

### भाजपा सदस्यों का नाम लेने पर भड़के खड़गे

सदन में हंगामे के दौरान भी दिग्विजय सिंह से लेकर राजीव शुक्ला तक, कांग्रेस सांसदों ने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि किस नियम के तहत उन्होंने चर्चा चालू की है। विपक्षी सदस्यों ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि सभापति बीजेपी सदस्यों के नाम ले-लेकर उनसे बोलने के लिए कह रहे हैं।

### कांग्रेस ने कहा- ध्यान भटका रही भाजपा

कांग्रेस का कहना है कि भाजपा अडाणी मामले से ध्यान भटकाना चाहती है, इसीलिए कांग्रेस पर विदेशी फंडिंग का आरोप लगा रही है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेताओं ने धनखड़ पर भाजपा के लिए पक्षपात करने का आरोप लगाया।



### सभापति जगदीप धनखड़ ने दी प्रतिक्रिया

हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा, "देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता सर्वोच्च है। कोई भी ताकत इसे कमजोर नहीं कर सकती। विपक्ष और सरकार को राष्ट्रवाद के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने चैंबर में नेता सदन और विपक्ष के नेता के साथ बैठक की जिसमें कई और फ्लोर लीडर्स भी मौजूद थे। हम एक राष्ट्र के रूप में देशविरोधी ताकतों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### नड्डा बोले- फोरम की नजर में जम्मू देश से अलग

राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि यह फोरम जम्मू कश्मीर को अलग रूप में देखता है। जॉर्ज सोरोस का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जो घटना घटी है और जिस तरह से चर्चाएं आई हैं, उसे लेकर हमारे सदस्य उद्वेलित है। सारा देश चिंता व्यक्त कर रहा है। देश की सुरक्षा के लिहाज से ये चिंता का विषय है।

### इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा : दिग्विजय

संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, 'मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।'

### खड़गे ने कहा- सदन के नेता झूठ बोल रहे

राज्यसभा में नेता सदन के बयान पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जो सदन के नेता बोले, वो सरासर झूठ है। वो खुद गद्दारी करते हैं और ब्रिटिशों के साथ उनके एजेंट बनकर काम किया। देश के लिए इनका कोई योगदान नहीं है। उन्होंने ट्रेजरी बेंच के हंगामे पर सवाल उठाये। गठबंधन के सदस्यों ने समर्थन किया।

### केंद्र सरकार अडाणी को बचा रही : प्रमोद तिवारी

प्रमोद तिवारी बोले- केंद्र सरकार अडाणी को बचा रही है। मैं केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा हूं कि उन्होंने सदन को कमजोर किया है। मैंने आज तक नहीं देखा कि प्रश्नकाल में सवाल लगा हो और पूछने न दिया जाए।

### क्या है सभापति को हटाने की प्रक्रिया

राज्यसभा के सभापति को पद से हटाने के लिए कम से कम 50 सदस्यों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव सचिवालय को भेजना होता है। कम से कम 14 दिन पहले दिए गए इस नोटिस के बाद राज्यसभा में उपस्थित सदस्यों के बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित होने के बाद इसे लोकसभा भेजना होता है। सभापति देश के उपराष्ट्रपति भी हैं जो दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। ऐसे में उनको पद से हटाने के लिए जरूरी है कि यह प्रस्ताव लोकसभा से भी पारित हो। बता दें कि शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक ही चलना है।

# बारहवीं की परीक्षाएं 1 मार्च और दसवीं की 3 मार्च से 24 तक

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी की समय-सारिणी
- बारहवीं की परीक्षाएं 1 से 28 मार्च तक, दसवीं की परीक्षाएं 3 से



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं की समय-सारिणी घोषित कर दी है। शुरुआत बारहवीं की परीक्षाओं के साथ होगी। 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं, जबकि कक्षा दसवीं की परीक्षाओं की शुरुआत 3 मार्च से होगी। दसवीं की तुलना में बारहवीं की परीक्षाएं अधिक लंबी चलेगी। 12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेंगी, जबकि 3 मार्च से शुरू हो रही दसवीं की परीक्षा 24 मार्च को समाप्त होगी। जारी की गई समय-सारिणी के मुताबिक, परीक्षा सुबह की पाली में 9 से 12 बजकर 15 मिनट तक होगी। परीक्षा ▸▸ शेष पेज 4 पर

- दसवीं की परीक्षा में 3.30 लाख और बारहवीं की परीक्षा में शामिल होंगे 2.40 लाख छात्र

**कक्षा-दसवीं**

3 मार्च- हिंदी
5 मार्च- इंग्लिश
7 मार्च- गणित
10 मार्च- विज्ञान
12 मार्च- व्यावसायिक पाठ्यक्रम
17 मार्च- सामाजिक विज्ञान
21 मार्च- उर्दू, संस्कृत अथवा अन्य तृतीय भाषा
24 मार्च- दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत, मूक-बधिर छात्रों के लिए ड्राइंग एंड पेंटिंग

### पूरक परीक्षा नहीं

वर्ष 2024 में माशिम द्वारा किए गए बदलाव के अनुसार, सत्र 2024-25 में भी पूरक परीक्षाएं नहीं होंगी। माशिम द्वारा दो बार परीक्षाएं वर्ष 2024 से ली जा रही हैं। जो छात्र मार्च 2025 में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण होते हैं, उनके लिए माशिम पृथक रूप से पूरक परीक्षाएं नहीं लेगा। इसके स्थान पर जून-जुलाई में होने वाली दूसरी परीक्षा में छात्र शामिल हो सकेंगे। जो छात्र अनुत्तीर्ण नहीं हुए हैं, वे भी श्रेणी सुधार के लिए दूसरी बार होने वाली परीक्षा में बैठ सकेंगे। अन्य बदलाव पूर्ववत ही लागू रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### सोनिया को पीएम सहित नेताओं ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे सहित अन्य पार्टियों के नेताओं ने बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "श्रीमती सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।

### पंजाब सीमा पर पाक घुसपैठिया मारा गया



**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया गया। सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि यह घटना रविवार रात महावा गांव के पास सीमावर्ती इलाके में हुई जब बीएसएफ के जवानों ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं।

### 'दुर्घटनावश गोली' चलने से एसएपी जवान की मौत



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में कथित तौर पर दुर्घटनावश गोली चलने से विशेष सशस्त्र पुलिस के एक जवान की सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना टुंडी थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ शिविर में सुबह करीब आठ बजे हुई। जवान की पहचान पलामू जिले के लेस्लीगंज निवासी नंदकिशोर सिंह के रूप में हुई है।

### मुंबई में बेस्ट बस बेकाबू 3 मृत, 7 गंभीर



**मुंबई।** कुर्ला इलाके में बेकाबू बेस्ट बस ने कई लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में 7 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बेस्ट बस कुर्ला से अंधेरी जा रही थी तभी अंबेडकर नगर में बुद्ध कॉलोनी के पास बस अनियंत्रित हो गई।

### मुर्शिदाबाद में बनाते समय फटा देसी बम, 3 की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में कथित तौर पर अवैध देशी बम बनाते समय हुए धमाके में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार देर रात सागरपारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत खोयरतला गांव में हुई। घटना में घायल हुए लोग तुरंत मौके से फरार हो गए।

# महादेव सट्टा एप, ईडी ने अटैच की केडिया की 160 करोड़ की संपत्ति

- डीएमएफ घोटाला मामले मेंआठ हजार पन्नों से ज्यादा का चालान पेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महादेव सट्टा एप से जुड़े स्टॉक पोर्ट फोलियो के मालिक सट्टा एप के सहयोगी विकास छापरिया के करीबी गोविंद केडिया की ईडी ने डीमैट होल्डिंग्स में 160 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। इधर, डीएमएफ घोटाला मामले में गिरफ्तार मनोज द्विवेदी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी ने निलंबित आईएएस रानू सहित 16 लोगों को आरोपी बनाया है। इस मामले में ईडी ने कोर्ट में 8 हजार 21 पन्नों का चालान पेश किया है, जिसमें 169 पन्नों में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट है। कोर्ट में ईडी ने 90 करोड़ 48 लाख 22 हजार 255 रुपए के घोटाले का चालान पेश किया है।

गोविंद केडिया पर परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट्स (एलएलपी), एक्जिम जनरल ट्रेडिंग एफजेडसीओ और टेकप्रो आईटी सॉल्यूशंस एलएलसी जैसी कंपनियों के जरिए सट्टे की अवैध कमाई को निवेश करने का आरोप है। सट्टे से प्राप्त आय को छिपाने के लिए गोविंद पर विदेशी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### विकास के कहने पर शेयर बाजार में निवेश

ईडी के अनुसार विकास छापरिया के कहने पर गोविंद ने सट्टे की रकम को शेयर बाजार में निवेश किया। निवेश में प्राप्त लाभ हानि को 75 तथा 25 प्रतिशत के रेसियों में बांटे जाने की बात सामने आई है। ईडी को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गोविंद केडिया ने कुल निवेश के केवल 25% पर ब्याज लिया था। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष ईडी ने गोविंद केडिया के ठिकानों पर छापेमारी कर 18 लाख रुपए कैश, 13 करोड़ रुपए की सोने के ज्वेलरी जब्त की थी। गोविंद केडिया को गिरफ्तार करने पूछताछ करने रिमांड पर लिया है। बुधवार को गोविंद की रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### पूछताछ के बाद मनोज की गिरफ्तारी

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में ईडी ने रानू साहू की करीबी माया वारियर से पूछताछ के बाद मनोज द्विवेदी को तीन बार पूछताछ करने कार्यालय बुलाया। मनोज द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ईडी ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड हासिल की थी।

**मांगे 30 हजार डॉलर**

# दिल्ली के 44 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 44 नामी स्कूलों को सुबह-सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली है। खबरों की मानें, तो यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है जिसमें आरोपी ने बम ब्लास्ट रोकने के लिए 30 हजार डॉलर की मांग की है। इस घटना के बाद बच्चों को घर वापस भेज दिया है। फिलहाल, मौके पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौजूद है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बम ब्लास्ट करने की धमकी डीपीएस आरके पुरम को सुबह 7.06 बजे और जीडी गोयनका पश्चिम विहार को सुबह 6.15 बजे जबकि कुछ स्कूलों को कल रात मिली। इसके बाद पुलिस, डॉग स्क्वॉड, सर्चिंग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की टीमें वहां भेजी गईं, वहां कुछ नहीं मिला।



*महतारी वंदन, किसान, युवाओं के साथ अलग-अलग वर्ग के होंगे 13 से 25 दिसंबर तक कई कार्यक्रम*

# नड्डा की रायपुर में 13 को आमसभा विजय पर्व का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश सरकार का 13 दिसंबर को एक साल पूरा हो रहा है। सरकार के एक साल पूरे होने पर जहां एक तरफ सरकार कई कार्यक्रम कर रही है, वहीं भाजपा का प्रदेश संगठन भी लगातार कार्यक्रम करेगा। कार्यक्रमों का आगाज 13 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में आमसभा से होगा। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव के साथ सभी मंत्री, विधायक, सांसद, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 25 तक होंगे कई कार्यक्रम



प्रदेश संगठन ने 13 से 25 दिसंबर तक कई तरह से कार्यक्रम करने का फैसला किया है। प्रदेश सरकार मोदी की गारंटी में प्रदेश की विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन में हर माह एक-एक हजार रुपए दे रही है। 23 दिसंबर को महतारी वंदन को लेकर महिलाओं का एक कार्यक्रम होगा। इसके पहले 21 दिसंबर को किसानों पर एक कार्यक्रम होगा। 25 दिसंबर को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर पंचायतों में अटल चौक में सुशासन दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ और भी कई कार्यक्रम होंगे।

### सभा में जुटाएंगे 50 हजार से ज्यादा की भीड़

साइंस कॉलेज में होने वाली सभा को लेकर सोमवार को प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप और टंकराम वर्मा के साथ विधायक राजेश मूणत, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा सहित भाजपा के कई पदाधिकारियों ने सभा स्थल जाकर तैयारियों का जायजा भी लिया है। सभा में 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य है। प्रदेश भर से बूथ स्तर के कार्यकर्ता भी सभा में आएंगे। इस सभा के बहाने भाजपा का बड़ा शक्ति प्रदर्शन भी होगा। आने वाले समय में नए साल में नगरीय निकाय और पंचायत ▸▸ शेष पेज 4 पर

भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, सीसी कैमरे में मिला अहम सुराग

# पुष्पा की कमाई पर डाका, गार्ड को बंधक बनाकर चोर ले गए 1.34 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मुक्ता सिनेमा में अज्ञात ने सुरक्षा गार्ड को चाकू अड़ाकर पुष्पा 2 शो के रुपए लेकर दो युवक फरार होने का मामला सामने आया है। अज्ञात युवकों ने गार्ड को कमरे में बंदकर आराम से कलेक्शन के रुपए को लेकर भाग निकले। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक पांच दिनों से उक्त सिनेमा हाल में पुष्पा 2 हाउसफुल चल रही है। प्रतिदिन कलेक्शन भी भारी भरकम आ रहा है। सोमवार तड़के सुबह 4 बजे लाखों रुपए की लूट अज्ञात ने कर दिया। उक्त रुपए रविवार के अंतिम शो के थे। भोर में 4 बजे दो युवक सिनेमाघर के भीतर प्रवेश कर यहां के गार्ड से मारपीट करते हुए चाकू ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सड़कों में लगे सीसी कैमरे भी चेक

सिनेमा घर के आसपास और सड़कों पर लगे सीसी कैमरों को चेक किए जा रहे हैं। जहां से रुपए चोरी कर फरार होने वाले आरोपियों की जानकारी पुलिस को मिल सके। इसके अलावा सोमवार की भोर में लॉकर को तोड़कर चोरी करने वाले के बारे में फुटेज दिखाकर आरोपियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस को कोई खास सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

### दो बाक्स में पड़े थे रुपए



### जांच की जा रही है

घटना को अंजाम देने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। गार्ड को पहले चाकू टिकाया, उसके बाद उसे कमरे में बंद कर लाखों रुपए अज्ञात युवक लेकर फरार हो गए। पुलिस हर पहलुओं को बारीकी से जांच कर रही है। सीसी कैमरे का फुटेज मिला है।
**- हरिश पाटिल**
सीएसपी छावनी

चिंतन

# अफ्रीकी देशों में खाद्य असुरक्षा विश्व में सर्वाधिक स्तर पर

विश्व जब विनाशक प्रवृत्ति में लिप्त है, ठीक उसी समय बड़ी आबादी भूख का सामना कर रही है। रूस व यूक्रेन जंग जारी है, इजराइल कई मोर्चे पर लड़ रहा है, पश्चिम एशिया युद्ध, हिंसा और अराजकता से प्रभावित है, ताइवान पर चीन की तलवार लटकी है, बांगलादेश के बाद सीरिया में तख्तापलट हुई है, दक्षिण कोरिया में स्थिति तनावपूर्ण है, क्षेत्रीय संघर्ष, सीमा विवाद के कई मामले चल रहे हैं। लग रहा है दुनिया की बड़ी ताकतें युद्ध, उन्माद व डराने के खेल में अपनी ऊर्जा झोंक रही है, जबकि अफ्रीका में भूख की दर अस्वीकार्य स्तर पर है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक विश्व की एक तिहाई आबादी भूख व गरीबी से जूझ रही है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति-2024 की रिपोर्ट से पता चलता है कि अफ्रीका में खाद्य असुरक्षा विश्व के किसी भी क्षेत्र की तुलना में सर्वाधिक है। अल्पपोषण की व्यापकता 20.4 प्रतिशत (लगभग 29.84 करोड़ अफ्रीकी) है जो वैश्विक औसत की दोगुनी है। वर्ष 2015 के बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ा है। आज विश्व के अमीर व ताकतवर देशों के संसाधन अफ्रीका समेत लाचार व असहाय लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में लगने चाहिए थे, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है। गरीबी उन्मूलन का वैश्विक लक्ष्य साल दर साल दूर होता जा रहा है। दुनिया में आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, गरीबी में इजाफा हो रहा है, अमीर व गरीब के बीच खाई बढ़ रही है। सुरसा की भांति बढ़ रही आर्थिक असमानता को पाटने का प्रयास नहीं किया गया तो आने वाले वक्त में संघर्ष, हिंसा व युद्ध अधिक देखने को मिलेंगे। रूस व यूक्रेन ने खरबों डॉलर जंग में जाया किया, ये पैसे अगर भूख, गरीबी व बीमारी दूर करने में लगते तो मानव कल्याण होता। ठहर कर हमें सोचने की जरूरत है कि युद्ध, हिंसा और संघर्ष से हम क्या हासिल कर रहे हैं? किस तरह के विश्व का निर्माण कर रहे हैं? जलवायु परिवर्तन और युद्ध-संघर्ष के चलते खाद्यान्न संकट और बढ़ेगा। मध्य और पश्चिम अफ्रीका में खाद्यसुरक्षा की स्थिति बदतर हैं, यह एक क्षेत्र-व्यापी चुनौती है। अफ्रीकी महादेश में करीब 54 देश हैं और सवा अरब से अधिक आबादी है। इस महादेश के अधिकांश देश अल्पविकसित व गरीब हैं। यूरोप, अमेरिका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया की तरह अफ्रीकी महादेश काफी पिछड़ा हुआ है, व्यापक स्तर पर खाद्यान्न संकट है। अफ्रीका को कृषि व खाद्यान्न उत्पादन पर अधिक ध्यान देना होगा, इसी के साथ भारत, अमेरिका, चीन, जापान, रूस, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन जैसे देशों को अफ्रीकी देशों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मदद करनी चाहिए। भारत समेत कई देश मदद कर भी रहे हैं, पर अफ्रीकी देशों की जरूरत अधिक है। अधिक खाद्यान्न पैदा करने से खाद्य असुरक्षा का समाधान हो सकता है। खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ-साथ इसकी पहुंच, स्थिरता, उपयोग, टिकाऊपन और आपूर्ति व प्रबंधी एजेंसी आदि मोर्चे पर भी काम करना होगा। इन उपायों से कुपोषण कम करने में भी मदद मिलेगी। अब अफ्रीका की खाद्य सुरक्षा समस्याओं को दूर करने का एक अलग तरीका आजमाने का समय आ गया है। 'एग्रोइकोलॉजी' (प्रकृति के साथ खेती) में वैज्ञानिकों के औपचारिक शोध और खेतों में प्रयोग करने वाले किसानों के अनौपचारिक ज्ञान को शामिल किया जाता है। अफ्रीका के बिगड़ते खाद्यान्न संकट को दूर करने के लिए 'एग्रोइकोलॉजी' एक आशाजनक तरीका है। विश्व को गरीबी उन्मूलन और मानवीय विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



तख्तापलट
राजेश जैन

# सीरिया में विद्रोहियों की राह नहीं आसान

राष्ट्रपति असद के सत्ता से हटने के साथ ही सीरिया में बसर परिवार के शासन का अंत हो गया। विशेषज्ञों ने दमिश्क पर कब्जे की तुलना अफगान सरकार के पतन से की है, क्योंकि यहां भी सेनाओं ने बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। पश्चिमी एशिया का करीब 3.35 करोड़ आबादी वाला सीरिया, भू-राजनीतिक रूप से अहम देश माना जाता है। एचटीएस के नेता अल-जुलानी ने लोगों द्वारा चुने गए काउंसिल के आधार पर संस्थाओं द्वारा शासित एक सरकार बनाने की योजना के बारे में बात की है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धांतों पर आधारित होगा।

सीरिया में तख्तापलट हो गया है। इसके साथ ही वहां असद परिवार का 53 साल से चला आ रहा शासन भी खत्म हो गया। राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं। विपक्षी लड़ाकों ने सत्ता अपने हाथों में ले ली है। लेकिन असलियत यह है कि सत्ता पर कब्जे के बाद भी विद्रोहियों के लिए देश चलाना आसान नहीं होगा। ऐसा क्यों है, ये जानने के लिए पहले विद्रोह की पूरी कहानी समझना होगी। सीरिया में बशर के पिता हाफिज अल-असद 1971 में सीरिया के राष्ट्रपति बने थे और अगले 29 साल तक देश के राष्ट्रपति रहे। साल 2000 में हाफिज की मौत के बाद बशर ने सीरिया की सत्ता संभाली। इसके बाद से बशर सीरिया के राष्ट्रपति थे।

पश्चिमी एशिया का करीब 3.35 करोड़ आबादी वाला सीरिया, भू-राजनीतिक रूप से अहम देश माना जाता है। इसकी सीमा इराक, तुर्किये, जॉर्डन, लेबनान व इजराइल जैसे देशों से लगती है। सीरिया पर नियंत्रण अहम व्यापार मार्गों, ऊर्जा गलियारों तक पहुंच प्रदान करता है और पूरे क्षेत्र में प्रभाव डालने के लिए एक आधार प्रदान करता है। जहां तक भारत का सवाल है- भारत व सीरिया के रिश्ते अच्छे रहे हैं। 2008 में बशर भारत का दौरा कर चुके हैं। हाल में दोनों मुल्क पावर और सोलर प्लांट प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। 2022 में भारत ने इसके लिए 28 करोड़ डॉलर की मदद की घोषणा की थी। विद्रोह से इन प्रोजेक्ट पर असर होगा।

2011 में जब मिडिल ईस्ट में अरब क्रांति की शुरुआत हुई। तभी सीरिया में भी असद के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुए। इनको बेरहमी से कुचल दिया गया। इससे एक गृहयुद्ध शुरू हुआ, जिसमें 5 लाख से अधिक लोगों की जान गई और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा। करीब आठ साल तक सीरिया के गृहयुद्ध में मोर्चे स्थिर रहे, जहां असद की सरकार रूस और ईरान के समर्थन से देश के सबसे बड़े हिस्से पर राज कर रही थी, वहीं, विभिन्न विपक्षी समूह उत्तर और पश्चिम में क्षेत्रों पर नियंत्रण बनाए हुए थे। सीरिया पश्चिमी एशिया में रूस का सबसे भरोसेमंद पार्टनर है। इसलिए रूस बशर को हर तरह की सैन्य, आर्थिक व रणनीतिक मदद देता रहा है।

इन दिनों बदले हालात में रूस और ईरान दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। ईरान जहां इजरायल से लड़ाई में लगा हुआ है तो वहीं रूस भी यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध में व्यस्त हैं। इसके मद्देनजर सीरिया के हालात पर उनका ध्यान नहीं है और असद अकेले पड़ गए। इस बीच, सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने 2020 की सीजफायर के बाद 27 नवंबर को सेना से फिर जंग छेड़ दी। एचटीएस नामक यह इस्लामिक समूह, पिछले पांच साल से इदलीब प्रांत पर शासन कर रहा था। शुरू में इसने 13 गांवों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद एक दिसंबर को देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर अधिकार कर लिया। 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा किया। दारा से ही 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। इसके बाद 8 दिसंबर को दारा शहर की तरफ से विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में घुस गए और कब्जा जमा लिया।



विशेषज्ञों ने दमिश्क पर कब्जे की तुलना अफगान सरकार के पतन से की है, क्योंकि यहां भी सेनाओं ने बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। सीरिया पर बारीकी से नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि जैसे ही एचटीएस के नेतृत्व वाले विद्रोहियों के समूह ने राजधानी में प्रवेश किया वैसे ही राष्ट्रपति असद देश से भाग निकले। इसके बाद व्यापक भ्रष्टाचार और लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध से थकान के कारण सेना ने भी घुटने टेक दिए।

सबसे बड़ा क्षेत्र सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ ) के पास है, जो अमेरिका द्वारा समर्थित है और जो पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में कुर्दों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों पर नियंत्रण रखता है। उत्तर में, जो तुर्की के साथ सीमा लगती है, वहां अंकारा द्वारा समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना एचटीएस द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से भी बड़े क्षेत्र पर काबिज है। दमिश्क पर कब्जा करने के बाद, एचटीएस अब सीरिया में सबसे महत्वपूर्ण ताकत बन गई है और माना जा रहा है कि वह अब असद शासन द्वारा शासित क्षेत्रों पर नियंत्रण कर चुकी है। इनमें एकता आसान नहीं होगी क्योंकि सीरिया जैसे जटिल क्षेत्र में सशस्त्र समूहों के बीच नियंत्रण और प्रभाव के लिए लड़ाई चलती रहती है। दक्षिण में, स्थानीय मिलिशिया समूहों ने स्वेइदा और दारा पर नियंत्रण स्थापित किया है। सीरियाई राष्ट्रीय सेना ने एचटीएस के साथ इस हमले में भाग लिया था, लेकिन उनके बीच अतीत में मतभेद रहे हैं और उनके हित अब भी अलग हैं।

राष्ट्रपति असद के सत्ता से हटने के साथ ही सीरिया में बसर परिवार के शासन का अंत हो गया। सीरिया के प्रधानमंत्री घाजी अल-जाली ने कहा कि वह शांति से सत्ता हस्तांतरण के लिए विपक्षी समूहों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। लेकिन सीरिया के लोगों के लिए आगे क्या होगा, यह एक जटिल सवाल है। एचटीएस के नेता अल-जुलानी ने लोगों द्वारा चुने गए काउंसिल के आधार पर संस्थाओं द्वारा शासित एक सरकार बनाने की योजना के बारे में बात की है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धांतों पर आधारित होगा। यह तय है कि एचटीएस दमिश्क में किसी भी राजनीतिक सत्ता में एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा। लेकिन क्या एसडीएफ या तुर्की समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना एचटीएस-नेतृत्व वाले समूहों के साथ मिलकर एक सरकार बनाएगी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। इन तीन गुटों के बीच गहरी दुश्मनी है। उदाहरण के लिए, सीरियाई राष्ट्रीय सेना के सदस्यों ने एचटीएस के अलेप्पो पर कब्जा करने के बाद एसडीएफ द्वारा क्षेत्रों में कई लोगों की हत्या की थी। वहीं, अमेरिका ने रविवार को सीरिया में आई एसआईएस के 75 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- सीरिया में शक्ति संतुलन बदल गया है। एसआईएस इसका फायदा उठाने की कोशिश में है लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। दूसरी ओर तथ्य यह है कि विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस ) और उसके सहयोगी संगठनों को अलकायदा का समर्थन हासिल है। सुन्नी गुट एचटीएस का नेतृत्व अबू मोहम्मद अल-जुलानी कर रहा है। जुलानी ने 2003 में इराक पर अमेरिकी हमले के बाद मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़कर अल-कायदा ज्वाइन कर लिया था। वह अल कायदा में अबू मुसाब अल-जरकावी का करीबी रहा। 2006 में जरकावी की हत्या के बाद जुलानी को इराक में अमेरिकी सेना ने गिरफ्तार कर 5 साल जेल रखा था। इसके बाद वह इस्लामिक स्टेट के साथ जुड़ गया था। अमेरिका ने जुलानी पर साल 2017 में 84 करोड़ 67 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। अब यह देखना होगा कि विद्रोही गुट सीरिया में किस तरह की सरकार बनाती है, पर राह आसान नहीं होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
उमेश कुमार मिश्र




# पीएम सूर्यघर से भारत में शून्य कार्बन उत्सर्जन मुहिम को गति

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन नवंबर 2024 को अजरबैजान देश के बाकू नामक शहर में संपन्न हुआ। 'एक हरित दुनिया के लिए एकजुटता' और 'मिशन 1.5 डिग्री सेल्सियस' का लक्ष्य लेकर बाकू में हुआ सम्मेलन समाधान के बदले समस्याएं पैदा कर गया। इस सम्मेलन में विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई और बढ़ गई। जलवायु वित्त को लेकर भारत सहित तमाम विकासशील देशों की मांग थी कि यह राशि मौजूदा 4.42 लाख करोड़ रु. से बढ़ाकर 109 लाख करोड़ रु. हो लेकिन बाकू में हुआ यह कि पहले 21.07 लाख करोड़ रु. का लक्ष्य रखा गया जिसे कतिपय विवाद के बाद बढ़ाकर 25.28 लाख करोड़ रु. में समेट दिया गया। भारत सहित तमाम विकासशील देशों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। लेकिन माना गया है कि कमजोर देशों को जिस पैमाने पर राहत की जरूरत थी वह मिलना अब बेहद मुश्किल हो गया है। जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की व्यापक योजना के तहत इस तरह के आयोजन काफी महत्वपूर्ण हो चले हैं। जिनके माध्यम से कार्बन क्रेडिट के लिए वित्त पोषण की व्यवस्था तय की जाती है। 'जलवायु वित्त' को लेकर विकसित देशों द्वारा स्व-स्फूर्त पहल करने में अरुचि रोड़ा बनती है तो विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों की आर्थिक समस्याएं अपनी जगह पर है। इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' पर ध्यान जाना स्वाभाविक है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को बहु-आयामी लक्ष्यों के साथ की थी। यह योजना अन्य प्रयासों के साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रयासों में सामान्य गृहस्थों को भी भागीदार बनाने की है। इस योजना की लागत 75,000 करोड़ रु. है। जलवायु वित्त के वैश्विक संकट की पृष्ठभूमि में श्री मोदी की यह पहल आशा जगाने वाली है। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रत्यक्ष रूप से दिखने में पीएम सूर्यघर योजना वर्ष 2026-27 तक भारत के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने को लेकर है लेकिन जैसे-जैसे आप इस योजना को गहराई से समझते चलते हैं वैसे-वैसे इसके गुणों की परतें खुलती चलती हैं। यह योजना एक किलोवॉट से लेकर तीन किलोवॉट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाने पर केन्द्रित है। एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने पर क्रमशः सब्सिडी 30,000 रु., 60,000 रु. और 78,000 रु. तक मिलने का प्रावधान है। पहला सवाल तो यही है कि क्या इस योजना का लाभ लेने के लिए आपको दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे तो इसका जवाब है, कदापि नहीं। आवेदन के लिए सबसे पहले आपको "पीएम सूर्यघर" के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना पड़ेगा। यह आकलन है कि तीन किलोवॉट के सोलर पॉवर प्लांट में औसतन हर माह 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। यह बिजली आपको निःशुल्क मिलती है। और यदि किसी कारण से यह बिजली आपके घर में उपयोग न हो पाये तो राज्य वितरण कंपनी में इसके समायोजन की व्यवस्था भी है। ताकि उत्पादित बिजली का लाभ आपको हर हालत में मिले। भारत सरकार ने इस योजना के लिए बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, इसकी देखरेख और मरम्मत एक नये तरह का तकनीकी कार्य है जिसकी जरूरत लगातार पड़ने वाली है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के अवसर बन रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 लाख से अधिक युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। पीएम सूर्यघर योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए भारत का लक्ष्य एक करोड़ घर है तो छत्तीसगढ़ ने भी पांच लाख घरों के लिए भी कमर कस ली है। यह योजना घरों से लेकर समुदायों तक को लाभ पहुंचाने वाली है। योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में "आदर्श सौर गांव" विकसित किए जाएंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करेंगे। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को भी अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। पीएम सूर्यघर योजना के छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 138.70 मेगावॉट की जल विद्युत उत्पादन क्षमता है जिसमें बढ़ोतरी के लिए प्रदेश के 5 स्थानों पर 7,300 मेगावॉट क्षमता की पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजना स्थापित करने हेतु तैयारी की जा रही है। एन.एच.पी.सी. द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित की जा रही जल विद्युत परियोजनाओं में से 2,205 मेगावॉट बिजली का क्रय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा किये जाने की सहमति दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ने भारत की सबसे बड़ी 120 मेगावॉट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना का कीर्तिमान हासिल किया है। राज्य में आगामी 02 वर्षों में 400 मेगावॉट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना की जा रही है। सौर ऊर्जा से प्रदेश के सभी गांवों को रोशन करने की कार्ययोजना भी प्रगति पर है। इस तरह अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार भी भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। वर्तमान में राज्य में बिजली की कुल डिमाण्ड के विरूद्ध लगभग 15 प्रतिशत ऊर्जा की पूर्ति गैर-परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, लघु जलविद्युत, बायोमास आदि से की जा रही है। गैर-परंपरागत स्त्रोतों की क्षमता बढ़ाते हुए इसे वर्ष 2030 तक 15 हजार मेगावॉट पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसमें 7 हजार 300 मेगावॉट क्षमता का पम्प स्टोरेज आधारित जल विद्युत पॉवर प्लांट की स्थापना शामिल है।

*अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज, रायपुर*


# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

## दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- गोविंद सोनी, दुर्ग*

करंट अफेयर

# अफ्रीका का बदतर होता खाद्यान्न संकट



अफ्रीका में भूख की दर अस्वीकार्य रूप से ऊंची है और यह बदतर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति-2024 की रिपोर्ट से पता चलता है कि अफ्रीका में खाद्य असुरक्षा विश्व के किसी भी क्षेत्र की तुलना में सर्वाधिक है। अल्पपोषण की व्यापकता 20.4 प्रतिशत (लगभग 29.84 करोड़ अफ्रीकी) है जो वैश्विक औसत की दोगुनी है। वर्ष 2015 के बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन और संघर्ष भी इस समस्या के कारक हैं। लेकिन मेरी राय में इस चुनौती के मूल में कुछ और मौलिक बातें निहित हैं : उत्तर-औपनिवेशिक काल के बाद यह मार्गदर्शन करने के लिए अपनाई गई विचारधारा और योजनाएं कि अफ्रीका कैसे खाद्यान्न का उत्पादन करेगा और कुपोषण कम करने का प्रयास करेगा। हालांकि, पूरे महाद्वीप में खाद्य असुरक्षा की दरें अलग-अलग हैं और मध्य और पश्चिम अफ्रीका में ये बदतर हैं, यह एक क्षेत्र-व्यापी चुनौती है। मैं अफ्रीकी खाद्य सुरक्षा और कृषि का विशेषज्ञ हूं। एक नई किताब 'डिकोलोनाइजिंग अफ्रीकन एग्रीकल्चर : फूड सिक्योरिटी, एग्रोइकोलॉजी एंड द नीड फॉर रेडिकल ट्रांसफॉर्मेशन' में मैंने तर्क दिया है कि अफ्रीका के बेहतर भरण-पोषण के लिए निर्णय लेने वालों और दान दाताओं को ये करना चाहिए।

ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

ट्रेंड

## सोनिया गांधी को बधाई



श्रीमती सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं( सबसे लंबे समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य कारणों के चलते पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली है। सोनिया सोमवार को 78 साल की हो गयीं। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## भारत एआई क्रांति के लिए तैयार



भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक जीवंत डिजिटल अर्थव्यवस्था भी है जो नवाचार एवं समावेशिता के लिए नए मानक स्थापित कर रही है। भारत परिवर्तनकारी एआई क्रांति के लिए तैयार है। **-जितिन प्रसाद, केंद्रीय मंत्री**

## अर्जुन जी शुभकामनाएं



अल्लू अर्जुन जी.. आपके शब्दों से बहुत अभिभूत हूं.. हम सभी आपके काम और प्रतिभा के बहुत बड़े प्रशंसक हैं.. आप हम सभी को प्रेरित करते रहें.. आपकी निरंतर सफलता के लिए मेरी प्रार्थनाएं और शुभकामनाएं।

**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## राम की भूमिका मेरा सपना



मैं उस कहानी का हिस्सा बन राम की भूमिका निभाकर बहुत खुश हूं। यह मेरा एक सपना है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सब कुछ है। यह सिखाती है कि भारतीय संस्कृति क्या है - परिवार और पति-पत्नी का रिश्ता। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। **-रणबीर कपूर, अभिनेता**

अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# फिल्म ‘पुष्पा 2’ की सुनामी वर्ल्डवाइड 800 करोड़ पार

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2’ देश की पहली फिल्म साबित हुई है जिसने सबसे पहले वर्ल्डवाइड 500 करोड़ क्लब में एंट्री मारी है। पहले ही वीकेंड में ये फिल्म अपने 500 करोड़ के बजट को पार कर गई है। रिपोर्ट का मुताबिक, इस फिल्म ने रविवार को 141.5 करोड़ रुपए की कमाई की है और कुल मिलाकर फिल्म ने 529.45 करोड़ का आंकड़ा रविवार को ही पार कर लिया है। इस फिल्म ने अब तक तेलुगू में 198.55 करोड़, हिन्दी में 285.7 करोड़, तमिल में 31.1 करोड़, कन्नड़ में 3.55 और मलयालम में 10.55 करोड़ की कमाई कर डाली है।



लाइफ Style

# मलाइका

## वीडियो ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट से दीपिका पादुकोण की झलक देखने के बाद फैंस ने उम्मीद भी नहीं की थी कि मलाइका अरोड़ा भी उन्हें सरप्राइज देने वाली है। हाल ही में मलाइका अरोड़ा को एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में देखा गया।

एक्ट्रेस को उनके हिट गानों का लुत्फ उठाते और सिंगर के साथ मंच पर झूमते हुए देखा गया। लेकिन, ये शाम और हसीन तब बन गई जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे को गले लगाया। अब, एपी ढिल्लों और मलाइका अरोड़ा का एक वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है जो इसी इवेंट का है। एपी ढिल्लों का मुंबई में एक कॉन्सर्ट था और इस इवेंट में मलाइका अरोड़ा भी मौजूद रहीं। अपने स्टाइल के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड की ‘छैंया छैंया’ गर्ल हल्के मेकअप और खुले बालों के साथ स्लीवलेस ब्लैक ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उनका ये लुक कॉन्सर्ट में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा था। वहीं अब सोशल माडिया पर मलाइका और ढिल्लों का एक वीडियो सामने आया है जो चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में, हम मलाइका को मंच पर जाते हुए देख सकते हैं। जहां वह एक दूसरे को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक वीडियो में, एपी ढिल्लों अपने दिल की बात करते नजर आ रहे हैं। जब एक्ट्रेस मंच से वापस आ रही थी तो सिंगर ने खुलासा किया कि वह उनकी बचपन से क्रश हैं और इस खुलासे के बाद कॉन्सर्ट में मौजूद लोगों उनके लिए तालियां बजाने लगे।

हॉलीवुड मसाला




# हैली ने जोश से की सगाई

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड और जोश एलन ने सगाई कर ली है। एक्टर ने ये न्यूज फैंस के साथ शेयर करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट की। फोटो में हैली को घुटनों पर बैठकर जोश को प्रपोज करते हुए देखा जा सकता है। तस्वीर में जोश को फूलों से बनें एक आर्क के सामने घास पर घुटने के बल बैठा हुए देखा जा सकता है। वहीं हैली उन्हें किस करने के लिए झुकी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में सगाई की तारीख भी बताए जो कि 11*22*24 है।



# रिच के साथ रिलेशनशिप में आए जॉनी डेप...

**लॉस एंजिलिस।** जॉनी डेप को पूरी दुनिया एक ऐसे कलाकार के तौर पर जानती है जो स्क्रीन पर आते ही सबको अपना दीवाना बना लेता है। जॉनी पिछले कुछ सालों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर टॉक ऑफ द टाउन बने हुए हैं। अंबर हर्ड से तलाक के दौरान खबरें आई थीं कि एक्टर एडवोकेट जोएल रिच के साथ रिलेशनशिप में आए थे। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों एक दूसरे को लेकर खासा सीरियस नहीं थे। अब ‘पायरेट्स ऑफ कैरेबियन’ स्टार एक बार फिर गॉसिप गलियारों में चर्चा का विषय बन गए हैं। जिसकी वजह स्पेनिश इन्फ्लुएंसर जेस बोर्डिउ हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ महीने पहले स्पेनिश इन्फ्लुएंसर जेस बोर्डिउ का एक वीडियो सोशल मीडिया काफी वायरल हुआ था।



# बॉलीवुड सितारों ने जमकर लुटाया प्यार...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा आज अपना 43वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन पर फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों और उनके दोस्तों ने शुभकामनाएं दीं। दीया मिर्जा ने बॉलीवुड की कई हिट और बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। अभिनय के साथ-साथ दीया पर्यावरण को लेकर भी काफी सजग रहती हैं और उनसे जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनती हैं। ‘रहना है तेरे दिल में’ की अभिनेत्री को सबसे पहले बधाई देने वालों में करीना कपूर खान भी शामिल थीं, जिन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक प्यारा सा संदेश लिखा। दीया मिर्जा के जन्मदिन पर करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उनकी एक शानदार ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे खूबसूरत दीया, ढेर सारा प्यार।



# दूसरे बच्चे की प्लानिंग पर शरमा गए...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन से हाल ही में ऐश्वर्या राय के साथ दूसरे बच्चे के बारे में पूछा गया तो वो शरमा गए। अभिषेक और ऐश्वर्या, आराध्या बच्चन के माता-पिता हैं, जो सिंगल चाइल्ड हैं। हालांकि, रितेश देशमुख के शो ‘केस तो बनता है’ में अभिषेक बच्चन आए और इस दौरान एक्टर से दूसरे बच्चे की प्लानिंग के बारे में सवाल किया गया। रितेश ने अभिषेक से कहा, ‘अमिताभ जी, ऐश्वर्या, आराध्या और आप अभिषेक। ये सारे नाम ‘ए’ अक्षर से शुरू होते हैं। तो जया आंटी और श्वेता ने ऐसा क्या कर लिया...’ इससे अभिषेक बच्चन जोर से हंसने लगे। रितेश ने कहा, ‘आराध्या के बाद?’ अभिषेक ने जवाब दिया, ‘नहीं अभी अगली पीढ़ी जो आएगी तब देखेंगे ना।’ ऐश्वर्या राय के साथ दूसरे बच्चे के सुझाव पर अभिषेक बच्चन शरमा गए।


टीवी मसाला



# सागर ने अपने सूफी संगीत के साथ नुसरत की विरासत को आगे बढ़ाया

**मुंबई।** 90 के दशक के भारतीय संगीत में सूफी संगीत का बहुत प्रभाव देखा गया, जिसमें नुसरत फतेह अली खान जैसे कलाकारों ने कव्वाली और ग़ज़ल संगीत को एक नया चेहरा और पहचान दी। हालांकि, जैसे-जैसे साल बीतते गए, यह प्रभाव कम होता गया। हालांकि, सागर भाटिया ने हाल के दिनों में कव्वाली शैली को एक नए अंदाज़ में पेश किया है, खास तौर पर अपने सागर वाली कव्वाली के साथ। जिस तरह से कलाकार ने इस शैली को फिर से गढ़ा है, प्रशंसकों ने उन्हें नुसरत फतेह अली खान जैसे कलाकार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए एक आदर्श उत्तराधिकारी के रूप में सराहा है। सागर के यू-ट्यूब चैनल पर दिग्गज गायक के प्रतिष्ठित कव्वाली गीतों के उनके कवर पर लाखों व्यूज़ हैं और प्रशंसक नई पीढ़ी के बीच उनके द्वारा बनाए गए प्रभाव की प्रशंसा किए बिना नहीं रह सकते।

# केबीसी पर तेनाली रामा की सराहना से बढ़ गई कृष्ण भारद्वाज की उत्सुकता...



**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 16 (केबीसी) के एक एपिसोड में, दिग्गज अभिनेता और शो के मेजबान अमिताभ बच्चन ने भारत के सबसे महान ऐतिहासिक शख्सियतों में से एक, 16वीं सदी के कवि, विद्वान, और राजा कृष्णदेवराय के विजयनगर साम्राज्य के दरबारी विदूषक, तेनाली रामा की बुद्धिमत्ता को स्वीकार किया। श्री बच्चन ने भारतीय इतिहास में ज्ञान और बुद्धि के शाश्वत महत्व पर ज़ोर दिया। अपनी चिर—परिचित गंभीरता के साथ, उन्होंने टिप्पणी की, बुद्धि के बल का प्रयोग सिर्फ इस खेल में ही नहीं, बल्कि भारत के इतिहास के हर एक पन्ने पर लिखा है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, 16वीं शताब्दी में विजयनगर के राजा कृष्णदेवराय के राज्यसभा के अनमोल रत्न तेनाली रामा। इससे कहानियों से परे तेनाली रामा की गाथा और भी अद्भुत और ऐतिहासिक है जिसे दोबारा अनुभव करना बड़ा रोचक होगा। उन्होंने तेनाली रामा के ज्ञान की सराहना की, और उन्हें इस बात का सर्वोत्तम उदाहरण बताया कि पूरे भारतीय इतिहास में चुनौतियों को हल करने में बुद्धि और ज्ञान कैसे अभिन्न अंग रहे हैं।

# बेटी दुआ को सीने से लगाए दिखीं दीपिका नन्ही परी का छिपाया चेहरा...



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में बेंगलुरु में गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अभिनेत्री ने कॉन्सर्ट को खूब एन्जॉय किया। दिलजीत के कॉन्सर्ट के बाद अब अभिनेत्री मुंबई लौट आई हैं। इस दौरान उन्हें अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी को सीने लगाए रखा और उनका चेहरा भी छिपाती नजर आईं। पैपराजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, दीपिका अपनी बेटी को गोद में लिए हुए मुंबई के कलिना हवाई अड्डे से बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री एक साधारण लाल गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, क्योंकि उन्होंने अपनी छोटी बच्ची को गोद में उठाया हुआ था। दिलजीत के बेंगलुरु कॉन्सर्ट के दौरान दीपिका मंच पर शामिल हुईं। इस दौरान दिलजीत ने अभिनेत्री की तारीफ की। उन्होंन उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, “हमने उन्हें बड़े पर्दे पर देखा है, बहुत खूबसूरत। उन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाई है। आपको गर्व होना चाहिए, हम सभी को गर्व है।” दीपिका ने दिलजीत के हिट ट्रैक ‘लवर्स’ पर उनके साथ थिरकते हुए वहां मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ा दिया।

# खलनायक का सबसे खतरनाक लुक देख थर्राए फैन....



*मुंबई। टाइगर श्रॉफ ‘बागी’ बनकर फिर लौट रहे हैं और इस बार उनका अंदाज और भी इंटेंस होने वाला है। टाइगर श्रॉफ की फ्रेंचाइजी फिल्म ‘बागी 4’ का लेटेस्ट पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें वह बेहद खूंखार लुक में दिखाई दे रहे हैं। टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के पिछले तीन पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था और अब चौथे पार्ट को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है। अब पोस्टर में संजय दत्त का किरदार और लुक सामने आ गया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। केजीएफ 2 और शमशेरा के बाद, अभिनेता एक बार फिर एक खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। टाइगर श्रॉफ के पोस्टर में उन्हें बाथरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। वह खून से लथपथ था ।*

## फिल्मों सितारों ने फैंस को किया निराश

# 2024 में इन सितारों का टूटा दिल, पत्नी से हुए अलग

*मुंबई। 2024 लाखों फैंस के लिए किसी झटके से कम नहीं रहा। इस साल बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई कपल्स ने अपने अलग होने की खबर से फैंस को हैरान कर दिया था। इस लिस्ट में वह सितारे भी मौजूद रहे जिनका रिश्ता सालों तक चला और अपनी बॉन्डिंग से लोगों को प्रेरित किया। किसी ने 18 साल की शादी को खत्म कर दिया था तो किसी ने 6 साल डेटिंग के बाद ब्रेकअप कर लिया। चलिए आपको इस साल जुदा हुए कपल्स की लिस्ट दिखाते हैं...*

### रहमान-सायरा बानो का तलाक



संगीत जगत के दिग्गज गायक और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने पत्नी सायरा बानो के साथ अपनी 29 साल की शादी को खत्म कर दिया। इसी साल नवंबर महीने में सायरा ने एआर रहमान से अलग होने का एलान किया था। हालांकि, तलाक की असल वजह नहीं बताई थी।

### उर्मिला मातोंडकर-मोहसिन अख्तर



‘रंगीला’ एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ समय पहले ऐसी खबर आई है कि वह पति मोहसिन मीर अख्तर से तलाक ले रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस ने तलाक की अर्जी दे दी है। हालांकि, अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं की गई है। उर्मिला ने मोहसिन से साल 2016 में शादी की थी।

### हार्दिक पांड्या और नताशा का तलाक



2024 में सबसे चर्चित तलाक क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक का रहा। शादी के चार साल बाद दोनों ने अपनी राहें जुदा कर लीं। अपने तलाक की वजह से दोनों को ही ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। हार्दिक को छोड़ने के लिए नताशा को खूब ट्रोल किया गया। बाद में जब हार्दिक का नाम किसी मॉडल के साथ जुड़ा तो वह भी ट्रोल्स के निशाने पर आए।

### कई दिग्गज हुए अलग

*इसके अलावा कई कपल्स ऐसे भी हैं, जो अलग पहले हो चुके हैं लेकिन उनका तलाक अब फाइनल हुआ है। इसमें ऐश्वर्या रजनीकांत-धनुष, कुशा कपिला-जोरावर और इमरान खा-अवंतिका मलिक जैसे एक्स कपल्स शामिल हैं। इन तीनों एक्स कपल्स का इसी साल ऑफिशियल तलाक हुआ है।*

### मलाइका -अर्जुन का ब्रेकअप



13 साल के एज गैप के बावजूद अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने 6 साल तक एक हैप्पी डेटिंग लाइफ एन्जॉय की और लोगों के लिए एक प्रेरणा बने। मगर उनका ये रिश्ता शादी तक नहीं पहुंच पाया। इसी साल की शुरुआत में खबर आई थी कि दोनों अलग हो चुके हैं। सिंघम अगेन के प्रमोशन के दौरान अर्जुन ने खुद को सिंगल बताते हुए मलाइका संग अपने ब्रेकअप की खबर को कन्फर्म कर दिया था।



## जैकेट के शेष

### कैसा बीता एक ...

18 लाख गरीब पीएम आवास से वंचित रह गए हैं, उनको आवास देने का काम करेंगे। हमारी सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने यही काम सबसे पहले किया। 13 दिसंबर को शपथ लेने के बाद 14 दिसंबर को पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। 8 लाख 46 हजार आवासों की एक साल में मंजूरी भी केंद्र सरकार से मिल गई है। बस्तर का नक्सल पीड़ित इलाका है, वहां के लिए भी अलग से 15 हजार पीएम आवास की मंजूरी मिली है। नगरी क्षेत्र के लिए 15 हजार आवास की अलग से स्वीकृति मिल गई है। ऐसे में हमने पीएम का पहला वादा पूरा किया। इसके बाद किसानों से वादा था दो साल का बकाया बोनस देना का, उसको भी हमने बीते साल 25 दिसंबर को दे दिया। 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा भी पूरा किया। अंतर की राशि भी एक मुश्त देने का काम किया। तेंदूपत्ता का भी वादा था। उसको चार हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार प्रति बोरा देने का वादा भी हमारी सरकार ने पूरा किया है। राम लला दर्शन योजना प्रारंभ की। अब तक 20 हजार इसका लाभ ले चुके हैं। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की बात की गई थी, उसको भी पूरा किया है। अब दोषी जेल भी जाने लगे हैं। ये सब करते-करते कैसे एक साल पूरा हो गया, पता ही नहीं चला।

### विधानसभा चुनाव में एक समय ...

नहीं किया था। उसका भी परिणाम रहा कि जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। जनता को केंद्र की मोदी सरकार पर भी विश्वास था। जनता यह समझ गई थी कि अगर छत्तीसगढ़ का विकास होगा तो भाजपा के शासन में ही होगा। कांग्रेस सरकार के पांच साल में छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। हर चीज में भ्रष्टाचार हो रहा था। कोयला में, रेत में, शराब में डीएमएफ की राशि में भ्रष्टाचार। जब जांच प्रारंभ हुई तो कांग्रेस के नेता भी जेल जाने प्रारंभ हो गए। सब जनता के सामने हो रहा था। इन सबका लाभ भी भाजपा को मिला।

### नक्सल मोर्चे पर एक साल...

साल में ही दो सौ से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया है। डेढ़ हजार से ज्यादा ने या तो आत्मसमर्पण किया है या उनकी गिरफ्तारी हुई है। हमने आव्हान भी किया है नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा से जुड़े, सरकार आपकी मदद करेगी। उसका भी लाभ हुआ है। अगर नक्सली गोलीबारी की ही बात करेंगे, तो उसका भी जवाब देंगे। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए सरकार जिस तरह से काम कर रही है, उसके भी नक्सली आत्मसमर्पण करने के लिए आगे आ रहे हैं।

▶▶ आदिवासी मुख्यमंत्री बनने के बाद क्या आदिवासियों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है और नक्सलियों से भरोसा टूटा है?

▶▶ हम लोगों ने वहां पर एक प्रयोग किया है नियद नेल्ला नार योजना प्रारंभ की है। ये गोंढ़ी भाषा है, इसको हिंदी में कह सकते हैं आपका अच्छा गांव। इसके तहत हम लोग सरकार की योजनाओं को पहुंचा रहे हैं। 37 सुरक्षा कैंप खुल गए हैं। आज 96 से ज्यादा ऐसे गांव है, जो नियद नेल्ला नार योजना के तहत हैं। एक साल में यहां पर बिजली, पानी सड़क का काम हुआ है। जो स्कूल बंद थे, उनको भी खुलवाने का काम किया है। वहां के युवा नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और विकास की मुख्य धारा से जुड़ना चाहते हैं। ऐसे में हम लोगों ने एक और प्रयास किया है वहां पर बस्तर ओलंपिक के आयोजन का। जब इसके लिए योजना बनाई गई तो सोच रहे थे यह कितना सफल होगा, लेकिन आश्चर्य हुआ बस्तर ओलंपिक के लिए एक लाख 65 हजार ने पंजीयन कराया। इसमें महिलाएं और पुरुषों की संख्या लगभग बराबर है। इसमें भाग लेने वालों की उम्र 18 से 35 साल की है। समापन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आने वाले हैं। इससे साफ है कि बस्तर के लोग नक्सलवाद से मुक्ति चाहते हैं और मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं।

▶▶ नई उद्योग नीति लांच की है, उससे क्या उम्मीद है?

▶▶ नई उद्योग नीति लाए हैं, इसको बनाने से पहले सभी वर्गों से रायशुमारी की गई है। ठोक बजा कर यह नीति लाए हैं। इसमें महिला उद्यमी, एससी, एसटी उद्यमी, दिव्यांग उद्यमी, अग्निवीर के लोग भी शामिल हैं। रिटायर सैनिक भी हैं। जो रोजगार देंगे, उनको सरकार ज्यादा सुविधा देगी। सिंगल विंडो सिस्टम भी है। दो तीन दिन पहले एक इन्वेस्टर मीट की गई, इसमें 27 परिवार के लोगों ने 35 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश की मंजूरी दी है। विशेष कर स्टील, पॉवर और ग्रीन एनर्जी के सेक्टर में उन्होंने रुचि दिखाई है।

▶▶ नया रायपुर की क्या हालत है, कुछ उम्मीद है?

▶▶ नई राजधानी जो वहां पर बसा रहे हैं, हमें लगता है वह देश की सबसे अच्छी राजधानी होगी। थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन वहां पर मंत्रालय, मुख्यमंत्री, मंत्रियों के आवास बन गए। हमारे अलावा कई मंत्री भी वहां रहने लगे हैं। वहां पर आईटी हब भी बनाने की योजना है।

▶▶ महतारी वंदना योजना कितनी भारी पड़ रही है?

00 महतारी वंदन योजना चल रहे हैं, हर माह 70 लाख महिलाओं को पैसा दे रही है। इसे महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। एक गांव हैं जहां की महिलाएं महतारी वंदन से चंदा करके राम मंदिर का निर्माण कर रही हैं। एक महिला ने सब्जी भाजी की खेती प्रारंभ कर दी है।

▶▶ मंत्रिमंडल में अनुभवहीन चेहरे ज्यादा हैं, कितना मुश्किल जा रहा है सरकार चलाना?

▶▶ हमारे मंत्रिमंडल में नए चेहरे बहुत हैं, लेकिन अनुभवहीन नहीं हैं। कई पदों पर रहे, संगठन के काम भी किए। सरकार चलाने में लाभ हो रहा है, युवा हैं, ज्यादा दिक्कत नहीं हो रही है।

▶▶ मंत्रिमंडल में बदलाव की कोई जरूरत महसूस करते हैं क्या?

▶▶ मंत्रिमंडल में दो स्थान बचे हैं। देर सवेर दो मंत्री बनेंगे। जहां तक बदलाव का सवाल है को परिवर्तन तो सतत प्रक्रिया है, भाजपा में वरिष्ठ नेताओं से सलाह करके फैसला होता है।

▶▶ एक साल में क्या अनुभव रहा, ज्यादा परेशान कौन कर रहा है अपनी पार्टी के लोग या फिर सामने वाली पार्टी के लोग?

▶▶ कोई परेशान नहीं कर रहा है। विपक्ष से यही कहना है कि उनको सकारात्मक विपक्ष की राजनीति करनी चाहिए। सरकार की जो गलती दिखती है, उसको अच्छी तरह से जनता के सामने लाना चाहिए लेकिन ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए।

▶▶ एक साल में आपने भूपेश बघेल को परेशान किया या फिर उन्होंने आपको परेशान किया है?

▶▶ हमको कोई परेशानी नहीं है, ये लोग अपने अंतर्कलह में उलझे हुए हैं, हमें लगता है जिस तरह से विपक्ष का रोल होना चाहिए, उसको ठीक से निभा नहीं पा रहे हैं। डॉ. चरण दास महंत का जहां तक सवाल है जो वे बड़े सज्जन आदमी हैं। सब साथ में काम कर चुके हैं। 90 से हम उनको देख रहे हैं।

▶▶ आपके जशपुर को एक साल में क्या मिला?

▶▶ बहुत कुछ मिला है, छत्तीसगढ़ नहीं बना था तो पहले पूरा छत्तीसगढ़ ही उपेक्षित था, कांग्रेस को काफी समर्थन मिलता था छत्तीसगढ़ से पर छत्तीसगढ़ के लिए कुछ नहीं हुआ। पहले वनवासी क्षेत्र में कुछ नहीं होता था, बच्चे तो भूख से मर भी जाते थे। भाजपा सरकार आई तो सस्ते अनाज की व्यवस्था डॉ. रमन सिंह ने की। उनको चाऊर वाले बाबा भी कहा जाता है। तब से कोई भूख से तो नहीं मर रहा है। अब भूख नाम की चीज नहीं है। जशपुर का विकास भी बहुत हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी आदिवासी क्षेत्रों के लिए पीएम जन योजना प्रारंभ की है, उसका लाभ भी मिलता है। पीएम आवास योजना सहित कई योजनाएं हैं जिनका लाभ मिल रहा है। जशपुर में एक बड़ा 230 बिस्तर वालों अस्पताल बनाने की योजना है, उसकी मंजूरी भी हो गई है। बिजली के क्षेत्र में भी काम हो रहा है। तीरंदाजी की भी अकादमी वहां पर प्रारंभ करने वाले हैं। सभी तरह के विकास के काम हो रहे हैं।

▶▶ आपकी कितनी जिंदगी बदल गई मुख्यमंत्री बनने के बाद?

▶▶ बदलाव काफी आ गया है। प्रदेश का मुख्यमंत्री होना बड़ी बात है, उसमें समय भी बहुत देना पड़ता है। कई-कई दिनों तक घर परिवार वालों से बात भी नहीं हो पाती है। लेकिन खुशी होती है, जनता के आंसू पोछ पाते हैं। किसी की मदद करते हैं। हमारा परिवार राजनीति वाला रहा है, इसलिए परिवार में परेशानी नहीं होती है। पत्नी का भी बहुत सहयोग मिलता है। वह सामाजिक कार्यक्रमों में पहले से ही जाती रही है। अब वह ज्यादा कार्यक्रमों में जाती हैं। जहां तक मां का सवाल है तो वह बहुत खुश रहती हैं। मां बताती है जब हमारा नामकरण संस्कार हुआ था तो हमारे कुल पुरोहित ने कहा था, आपका यह बेटा आगे चलकर बड़ा आदमी बनेगा। ग्रामीण परिवेश में वह रहती हैं तो उनको यहां का वातावरण ज्यादा पसंद नहीं आता है तो कुछ दिन यहां रहकर चली जाती हैं।

▶▶ राष्ट्रीय नेतृत्व क्या महसूस करता है आपके कार्यकाल को?

▶▶ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली और मुंबई में उनसे मुलाकात हुई थी। प्रधानमंत्री से भी मुलाकात होती रहती है, उनका मार्गदर्शन लेते रहते हैं। उनसे प्रोत्साहन मिलता रहता है।

▶▶ आगे चार साल के लिए क्या रोड मैप है, कहां ले जाना है छत्तीसगढ़ को?

▶▶ बिलकुल विजन तैयार किया है। 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का है तो हम लोगों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की विजन बनाया है। सभी वर्गों के साथ बैठकर विजन तैयार किया है। छत्तीसगढ़ में खुशहाली और शांति का पूरा प्रयास रहेगा। मोदी की गारंटी को भी पूरा करेंगे और छत्तीसगढ़ में सुशासन का प्रयास रहेगा। यहां पर भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

### बस्तर और कवर्धा से बंग्लादेशी...

जानकारी मिली है। उन्हें भी लौटाया जाएगा, ऐसे घुसपैठियों पर तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने साफ किया कि जो लोग अवैध तरीके से राज्य में आए हैं, उन्हें गिरफ्तार कर उनके देश भेजा जाएगा। राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य नक्सलवादियों को मुख्यधारा में लाना है।

### शाह करेंगे योजनाओं ...

के साथ जंगलों में बंदूक लेकर घूमते थे, लेकिन अब वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर बड़े ओहदों पर काम कर रहे हैं। इनमें से कुछ सरकारी नौकरियों में हैं, कुछ कला के क्षेत्र में पहचान बना चुके हैं।

## पेज एक के शेष

### अब आईआईटी कराएगा...

बीए-बीएड और बीएससी-बीएड जैसे पाठ्यक्रम भी ऑफर करने जा रहा है। देशभर में संचालित होने वाले शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रम बीएड, डीएलएड, बीए-बीएड तथा बीएससी-बीएड के लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। सीट संख्या निर्धारण सहित अन्य प्रक्रिया भी एनसीटीई द्वारा निरीक्षण उपरांत प्रदान की जाती है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियों के मुताबिक आईआईटी भिलाई को नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व मान्यता प्राप्त होने की संभावना है।

### बीएड पाठ्यक्रम की जगह...

दाखिला ले सकते थे, लेकिन बीए-बीएड और बीएससी-बीएड में बारहवीं के बाद ही छात्र प्रवेश ले पाएंगे। यह चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम होगा, जिसमें विद्यार्थियों की बीए-बीएससी के साथ ही बीएड का भी अध्यापन कराया जाएगा। आईआईटी भिलाई अपने यहां नवीन पाठ्यक्रम को ही प्रारंभ करने की तैयारी कर रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य शैक्षणिक संस्थान जहां वर्तमान में बीएड पाठ्यक्रम संचालित हैं, वहां भी बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की पढ़ाई कराई जाएगी। अर्थात कोर्स को अपग्रेड किया जाएगा।

### बारहवीं की परीक्षाएं...

तीन घंटे की होगी, जबकि शेष 15 मिनट विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिकाओं में जानकारी भरने और प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए दिया जाएगा। सैद्धांतिक परीक्षाओं के पूर्व दोनों कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी माह में होगी। विद्यालयों को 10 से 31 जनवरी के मध्य प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करनी होगी।

**कक्षा- बारहवीं** : 1 मार्च- हिंदी, 4 मार्च- इंग्लिश, 6 मार्च- इतिहास, व्यवसायिक अध्ययन, कृषि विज्ञान, ड्राइंग एंड पेंटिंग, आहार एवं पोषण, 8 मार्च- संस्कृत, 11 मार्च- भूगोल, भौतक शास्त्र, 12 मार्च- समाजशास्त्र, 18 मार्च- राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र व अन्य, 22 मार्च- गणित, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्यकला, गृह विज्ञान व अन्य, 24 मार्च- जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी व अन्य, 26 मार्च- रिटेल मार्केटिंग, आईटी, कृषि, ब्यूटी एंड वेलनेस व अन्य, 27 मार्च- उर्दू, पंजाबी, मराठी व अन्य भाषाएं, 28 मार्च- मनोविज्ञान।

### नड्डा की रायपुर में...

की एक साल की उपलब्धियों को बताएंगे। इस सभा के बहाने भाजपा नगरीय निकाय चुनाव का भी बिगुल फूंकने का काम करेगी। संभावना है, इस माह के अंत तक नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो जाएगा। प्रदेश में इस समय भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार का 13 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की विष्णुदेव साय ने शपथ ली थी। उनके साथ दो डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव ने भी शपथ ली थी। भाजपा सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर 13 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर तक लगातार कार्यक्रम होंगे। भाजपा इसको विजय पर्व के रूप में मनाएगी।

### सभा में जुटाएंगे...

चुनाव होने हैं। इस सभा में जहां एक तरफ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों को बताने का काम करेंगे, वहीं आने वाले समय में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से अभी से जुटने का आव्हान भी करेंगे।

### महादेव सट्टा एप, ईडी...

पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पिछले सप्ताह महादेव सट्टा एप से जुड़े हरीश टिबरेवाल की मारीशस सहित देश में 388 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की थी।

### पुष्पा की कमाई...

टिकाकर उसे कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद लॉकर की चाबी लेकर 1 लाख 34 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। सुबह जब सिनेमा हाल खुला तो वहां के कर्मियों को घटना की जानकारी हुई। उसके बाद कर्मियों ने सूचना मैनेजर को दी गई। जिसके बाद भिलाई तीन पुलिस थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई गई है। खबर लगने पर पुलिस मुक्ता सिनेमा पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। इस दौरान सिनेमा हाल के मैनेजर ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज उपलब्ध कराया है। जिसमें दो युवक दिख रहे है। गार्ड नोहर देवांगन से भी पूछताछ की जा रही है। इस चोरी की वारदात से भिलाई तीन पुलिस संदिग्धों पर पैनी नजर रख पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## फडणवीस सरकार ने विधानसभा में पास किया फ्लोर टेस्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र नई में सरकार बनने के बाद चल रहे विधानसभा के विशेष सत्र में स्पीकर के चुनाव के साथ देवेन्द्र फडणवीस सरकार का फ्लोर टेस्ट हुआ, चार विधायकों ने बहुमत साबित करने प्रस्ताव पेश किया था। बीजेपी विधायक राहुल नार्वेकर के स्पीकर चुने जाने के बाद सदन में फ्लोर टेस्ट हुआ। शिवसेना विधायक उदय सामंत समेत चार विधायकों द्वारा लाए गए प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित किया गया। महाराष्ट्र में बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी गठबंधन के पास 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 230 सीटों का बहुमत है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा में कहा, 'विश्वास मत बहुमत से पारित हो गया है। विधानसभा की कार्यवाही अब स्थगित की जाती है और आज महाराष्ट्र के राज्यपाल के अभिभाषण के बाद फिर से शुरू होगी।

10 किमी अंदर सीरियाई जमीन पर कब्जा करके बनाया बफर जोन

# 50 साल बाद सीरिया में घुसे इजरायली सेना के कमांडो, जमकर मचाई तबाही



**एजेंसी ▶▶ तेल अवीव**

ईरान और रूस के गढ़ रहे सीरिया में अलकायदा से जुड़े सुन्नी विद्रोही गुट एचटीएस का कब्जा हो गया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद अब रूस भाग गए हैं। वहीं अमेरिकी बॉम्बर्स ने इजरायल के साथ मिलकर सीरिया के सैन्य ठिकानों और केमिकल वेपन की फैक्ट्री पर जोरदार हवाई हमला करके उसे तबाह कर दिया है। अमेरिका और इजरायल दोनों को डर था कि ये हथियार विद्रोहियों के हाथ में पड़ सकते हैं। जमीन से भी इजरायल की सेना ने सीरिया के अंदर प्रवेश किया है। साल 1974 की संधि के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब इजरायली सेना ने सीरिया की जमीन पर कदम रखा। यही नहीं इजरायली सेना ने गोलान हाइट्स के पास 10 किमी अंदर सीरियाई जमीन पर कब्जा करके एक बफर जोन भी बना दिया है। इजरायल का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा हेतु कुछ समय के लिए यह कदम उठाया है। इस बीच इजरायली वायुसेना ने सीरिया के अंदर घुसकर कई सैन्य ठिकानों पर हमला बोला है।

### इजरायल ने सीरिया के सैन्य ठिकानों को तबाह किया

इजरायली सेना ने रविवार को सीरिया में घुसकर 7 सैन्य ठिकानों को तबाह किया। इसमें खालखला एयर बेस और सैन्य अड्डा भी शामिल है। इससे सीरिया की सेना के मिलिट्री इंटेलिजेंस कार्यालय को भारी नुकसान पहुंचा है। इजरायली सूत्रों का दावा है कि ईरान सीरिया के अंदर हथियारों को लेकर फैक्ट्री चला रहा था और उसके विशेषज्ञ वहां मौजूद रहते थे।

### करीब 50 साल बाद सीरिया में घुसी

इजरायली सेना ने कहा कि हम किसी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं। सीरिया के गांव वाले घरों में ही रहें। साल 1974 में इजरायल ने योम किप्पूर युद्ध के बाद एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। इसके बाद से इजरायली सेना सीरिया से हट गई थी और फिर कभी नहीं घुसी थी। अब इजरायली सैनिक बफर जोन के अंदर मौजूद हैं जो सीरिया की धरती है। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि वे हम अपने सबसे पहले अपने सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं।

### सीरिया में कब्जा बढ़ा रही है इजरायली सेना

इजरायल का दावा है कि इस इलाके में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों के देखे जाने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया है और बफर जोन बनाया है। इजरायल ने सीरिया में घुसने की जानकारी अमेरिका को भी दी है। इजरायल दावा कर रहा है कि यह कब्जा कुछ समय के लिए है लेकिन मीडिया का कहना है कि असद सेना के हटते ही इजरायली सेना को मौका मिल गया है और सीरिया के और ज्यादा इलाकों पर अपना कब्जा बढ़ा सकती है।

आप ने विस चुनाव के लिए किया उम्मीदवारों का ऐलान

# 31 में 20 सीटों पर बदले चेहरे, सिसोदिया बिड़लान की सीट बदली



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अबतक 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आप ने 31 में से 20 सीटों पर उम्मीदवार बदल दिए हैं या फिर नए चेहरों को उतारा है। जिन विधायकों का टिकट बदला गया है उनमें पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिडलान का नाम भी शामिल है। आप ने मनीष सिसोदिया की सीट बदलकर उन्हें जंगपुरा से टिकट दिया है। जबकि उनकी सीट पटपड़गंज से शिक्षाविद् अवध ओझा को उतारा गया है। वहीं जंगपुरा के विधायक प्रवीण देशमुख का टिकट काटा गया है। इसके अलावा विधानसभा में डिप्टी स्पीकर राखी बिडलान की सीट बदलकर उन्हें मादीपुर से उतारा गया है। तिमारपुर सीट से विधायक दिलीप पांडेय दिल्ली विधानसभा में आप के चीफ व्हिप हैं। उनका टिकट काटकर सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू को टिकट दिया गया है। तिमारपुर से दो बार विधायक रह चुके बिट्टू को हाल ही में बीजेपी से आप में शामिल कराया गया है। आम आदमी पार्टी में ये सुरेंद्र बिट्टू की दूसरी पारी है।

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, BILASPUR**
**2ND FLOOR, VIKAS BHAWAN, NEHRU CHOWK**
**Phone No. 07752-222642, Fax : 07752-413888**
Website - www.bilaspurnagarnigam.com, e-mail - commissionerbmcbilaspur@gmail.com

**4th e-Procurement - REQUEST FOR PROPOSAL SYSTEM RFP NO. 162502**

No. 126/BMC/SEWERAGE/2023-24 Bilaspur Dated 09/12/2024

BMC invitesOnline Proposal for Operation and Maintenance of Bilaspur Municipal Corporation owned Suction cum Jetting Machines for period of 03 years from Experience in Operation and Maintenance Agencies of Suction cum Jetting machines. Interested parties, cetails can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** from 09/12/2024 at 17:31 and submit online Proposal up to 19/12/2024 at 17:30.

Green City, Clean City - Dream City.

Executive Engineer
BMC, Bilaspur (C.G.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. दिलीप कुमार, 2. प्रदीप कुमार, 3. नीना बाई, 4. चितरेखा 5. पुष्पा, एवं 6. दिव्या सभी पिता लालजी सभी निवासी- ग्राम कुम्ही तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. के संयुक्त हक एवं स्वामित्व की कृषि भूमि मौजा ग्राम-कुम्ही, प.ह.नं.-31, रा.नि.मं. आनंदगांव, तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित खसरा नं. 107, रकबा 0.1300 हे. एवं खसरा 103, रकबा 0.0800 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया है जिसका बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासन, प्रशासन, साहूकार, बैंक, आदि को उक्त उपर वर्णित खसरे नंबर की भूमि या उसके किसी भी भाग पर कोई भी उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनो के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि का बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, बाद म्याद की गई उजर, दावा या आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग. दिनांक- 09.12.2024

भवदीय
किशोर मिश्रा, अरूण कुमार मिश्रा, रवि कुमार शर्मा, बबीता जैन (अधिवक्तागण)
कार्यालय- शॉप नं. 17, साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9329575733

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार श्री बादल सोनकर उम्र 30 वर्ष, पिता श्री तिलोचन सोनकर, निवासी ग्राम रवेली, पो. परसदा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री अरूण कुमार साहू, उम्र 40 वर्ष, वल्द श्री रामभुवन साहू, वार्ड नं. 2, बीचपारा, भुरसीडोंगरी, तहसील बेलरगांव, जिला धमतरी (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की कृषि भूमि जो की वाके मौजा नरहरपुर खदरवाही प.ह.नं. 05, तहसील नरहरपुर, जिला कांकेर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 22, रकबा 8.45 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन बयाना की राशि प्रदान कर दिया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम या निकाय, साहूकार, बैंक या अन्य किसी पक्षकारगण को ऊजर, दावा या आपत्ति हो तो मेरे नीचे लिखे पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज 07 दिवस के अंदर दर्ज करावें अन्यथा बाद-म्याद की गई आपत्ति शून्य व अवैध मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें।

स्थान-रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 09/12/2024

भवदीय
शिव सोनकर (अधिवक्ता)
आफिस एवं निवास-
दंतेश्वरी माता मंदिर, कर्मचारी कालोनी कुशालपुर रायपुर (छ.ग.)
मो. 93007-63974

**कार्यालय जनपद पंचायत स.लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**-: नीलामी की सूचना :-**

क्रमांक /9825/लेखा /ज.पं. /2024-25 स.लोहारा दिनांक 06.12.2024

कार्यालय जनपद पंचायत स.लोहारा परिसर के नवनिर्मित व्यावसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स की 06 दुकानों को यथा स्थिति में लोक नीलामी द्वारा सात वर्ष के लिए दिनांक 28.11.2024 को निर्धारित की गई थी, किन्तु दुकान क्रमांक 05 एवं 06 की नीलामी बोली बाजार मूल्य एवं अन्य दुकानों की अपेक्षा कम होने के कारण बोली स्थगित कर पुनः लोक नीलामी दिनांक 20.12.2024 को दोपहर 1:00 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय स.लोहारा के नवीन सभाकक्ष में की जावेगी। लोक नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 18.12.2024 से 19.12.2024 तक कार्यालयीन समय में एवं दिनांक 20.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अग्रिम राशि 19000 (उन्नीस हजार रू.) जमा कर सकते है। जिसके नाम पर बोली समाप्त होगी उन्हें 30 दिन के भीतर सुरक्षा निधि 2.00 लाख रू. एवं अतिशेष राशि जमा कर अंतरण विलेख निष्पादित कराना होगा।

लोक नीलामी की शर्ते पूर्ववत रहेगी, जिसे कार्यालय के सूचना फलक में देखी जा सकती है।

S-42368/1

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा

# मणिपुर के नौ जिलों से हटा इंटरनेट बैन, नवंबर में लगाई गई थी पाबंदी

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने सोमवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट जारी पाबंदी को हटा लिया। सरकार के गृह विभाग ने एक आदेश जारी कर राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के अस्थायी निलंबन को वापस ले लिया। सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, जिरीबाम, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के साथ इसके सह-संबंध की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया है। आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार ने आदेश में कहा कि, 'राज्य सरकार ने मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके सह-संबंध की समीक्षा करने के बाद, मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, जिरीबाम, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल में इंटरनेट और डेटा सेवाओं पर जारी सभी प्रकार के अस्थायी निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया है।'

### ब्रॉडबैंड सेवाओं पर हट गया था प्रतिबंध

सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न कार्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं से 19 नवंबर को ही निलंबन हटा लिया था। हालांकि, वाईफाई या हॉटस्पॉट को साझा करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5711



**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्णा-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5710 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकू नवताल - 5723

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5722 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |



## दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली

प्रयागराज में दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली बनाई जा रही है। इस रंगोली को यमुना क्रिश्चियन कॉलेज में नगर निगम की तरफ से बनाया जा रहा है। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने रविवार को इसका उद्घाटन किया। यह रंगोली 55,000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैली रहेगी। इसे बनाने में 11 टन रंग का इस्तेमाल किया जाएगा। यह रंगोली 10 दिसंबर को बनकर तैयार हो जाएगी। इस रंगोली को बनाकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन, यूके) में दर्ज कराया जाएगा। इस रंगोली को बनाने में बायोडिग्रेडेबल पाउडर, फूलों की पंखुड़ियां और नेचुरल कलर्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसे 72 घंटे तक बिना रुके बनाया जाएगा। प्रयागराज में दुनिया की सबसे बड़ी रंगोली बनाने में 50 से अधिक महिलाएं, बच्चे और अन्य कलाकार हिस्सा लेने वाले हैं।

# स्टेशन में नहीं लगाना पड़ेगी लाइन, क्यूआर कोड से मिलेगी टिकट

## इस बार महाकुंभ पहुंचने वालों को मिलेंगी कई नई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ की जोर-शोर से तैयारी चल रही हैं। महाकुंभ को श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के लिए रेलवे ने भी इंतजाम कर लिए हैं। अब श्रद्धालु कुंभ मेले से ही ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे। आपको बता दें कि महाकुंभ को लेकर रेलवे की तरफ से 50 शहरों से स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेल के माध्यम से हर रोज महाकुंभ में 20 लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और महाकुंभ स्थल को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए बड़ी संख्या में ई-ऑटो और ई-रिक्शा चलाए जा रहे हैं। साथ ही इनके चालकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिससे इन ई-रिक्शा और ई-ऑटो के ड्राइवर लोगों के साथ अच्छा व्यवहार भी कर सकें और इन्हें महाकुंभ स्थल की जानकारी भी हो।

### इस बार क्यूआर टिकट की भी सुविधा

रेलवे ने श्रद्धालुओं का बड़ा तोहफा दिया है। प्रयागराज में अब टिकट बुकिंग के लिए श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं होगी। अब श्रद्धालु कुंभ मेले से ही ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज में रेल टिकट बुक करने का ऐप का डेमो दिया है। इस ऐप से श्रद्धालु कहीं से भी टिकट बुक कर पाएंगे।



### दूसरी भाषा समझने वॉइस चेंजर की सुविधा

सबसे खास बात है कि इस कुम्भ में कोई भी मरीज देश विदेश से इस हॉस्पिटल में भर्ती होता है तो उनकी भाषा समझने के लिए वॉइस चेंजर लगा होगा जो उनकी भाषा को बदलकर हिंदी और अंग्रेजी में ट्रांसलेट करेगा।

**महिलाओं को मिलेंगी महिला ड्राइवर :** खास बात ये है कि महिला श्रद्धालुओं की संख्या और उनकी सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए पहली बार पिंक व्हीकल की सुविधा भी दी जाएगी। पिंक ई-रिक्शा और ई-ऑटो में महिलाएं ही चालक होंगी। सामान्य और पिंक व्हीकल दोनों के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। जिससे लोगों को ई-रिक्शा और ई-ऑटो की बुकिंग में कोई दिक्कत न हो।

### पर्यटकों के लिए 'पिंक व्हीकल' की सुविधा उपलब्ध

प्रयागराज महाकुम्भ में इस बार न सिर्फ श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ई-रिक्शा और ई-ऑटो की सुविधा मिलेगी बल्कि महिला श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए 'पिंक व्हीकल' की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए ओला और उबर की तर्ज पर ऐप के माध्यम से उनकी बुकिंग हो सकेगी। शुरुआत में करीब 40 पिंक टैक्सी की सुविधा उपलब्ध होगी बाद में संख्या और बढ़ाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) 10 दिसंबर, 2024 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस कार्यक्रम के बाद ' मानसिक स्वास्थ्यः कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना ' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के तीन सत्रों में



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर जनवरी तक टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जनवरी के लिए टल गई है। हाई कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिसुनवाई योग्य माना था, जिसे मुस्लिम पक्ष ने चुनौती दी है। शादी ईदगाह कमेटी ने कुल तीन याचिका दायर की थीं, जिसकी सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और संजय कुमार की बेंच ने की।



### पत्नी ने कराया भारतवंशी कारोबारी का अपहरण

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के मशहूर भारतवंशी व्यवसायी अशरफ कादर के अपहरण का मास्टरमाइंड उनकी पत्नी फातिमा इस्माइल ही निकली। 47 वर्षीय फातिमा पर भारी फिरौती के लिए व्यवसायी के अपहरण की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाबू केटेक्स के नाम से मशहूर अशरफ व उनकी पत्नी फातिमा को पिछले हफ्ते रविवार को प्रिटोरिया स्थित उनके व्यावसायिक परिसर के पास से अगवा कर लिया गया था।



# सीरिया छोड़कर भागे असद को रूस ने दे दी राजनीतिक शरण

## अमेरिका ने असद सरकार के पतन का किया स्वागत

■ तख्तापलट से उत्पन्न हो गई है राजनीतिक अस्थिरता

■ सीरिया के हालात पर भारत रख रहा कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असद और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दी है। जबकि अमेरिका ने सीरिया में असद सरकार के पतन का स्वागत किया है। रूस के राष्ट्रपति आवास के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जानकारी दी है कि सीरिया के राष्ट्रपति को शरण देना पुतिन का निजी फैसला था। पेस्कोव ने कहा कि वह ये जानकारी नहीं देंगे कि असद को कहां ठहराया गया है। वहीं न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दावा किया है कि विद्रोहियों ने 6 महीने पहले ही तुर्किये को ये जानकारी दे दी थी कि वे असद का तख्तापलट करने वाले हैं। दूसरी तरफ, असद सरकार के सहयोगी ईरान ने सीरिया में हुए तख्तापलट को लेकर हैरानी जताई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने रविवार को कहा, "इस बात से हैरान हूं कि सीरियाई सेना, विद्रोहियों को रोक नहीं सकी, यह सब बहुत तेजी से हुआ।"



### चीन ने की राजनीतिक समाधान की वकालत

चीन की भी सीरिया में जारी तमाम घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग में विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि हम सभी पक्षों से एक राजनीतिक समाधान निकालने का आग्रह करते हैं। साथ ही हम उम्मीद करते हैं कि मामले से जुड़े सभी दल सीरिया के लोगों के मूलभूत हितों के आधार पर जल्द से जल्द एक राजनीतिक समाधान निकालेंगे।

### भारत के लिए यह है चिंता का सबब

राष्ट्रपति असद के खिलाफ 2011 से विद्रोह जारी था। रविवार को देशव्यापी विद्रोह बढ़ने पर उन्हें देश छोड़ना पड़ा। उनकी 24 साल की सत्ता की अंत हो गया। असद के पतन और उसके बाद की अनिश्चितता ने भारत के राजनीतिक और आर्थिक हितों के लिए चिंता पैदा कर दी है। सबसे बड़ा खतरा हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का है। एचटीएस एक कट्टरपंथी इस्लामी संगठन है, जिसे कई देशों ने आतंकी संगठन भी घोषित कर रखा है। एचटीएस का जुड़ाव अल-कायदा से भी रहा है। एचटीएस के उभार से अब सीरिया में इस्लामिक स्टेट के फिर से पनपने का खतरा भी बढ़ गया है। सीरिया के ऑयल सेक्टर में भारत के दो बड़े निवेश हैं। पहला- 2004 में हुआ ओएनजीसी और आईपीआर इंटरनेशनल के बीच हुआ समझौता। दूसरा- सीरिया में कनाडियन फर्म में ओएनजीसी और चीन की सीएनपीसी की 37% हिस्सेदारी। अब सीरिया में काफी कुछ बदल जाएगा।

### इधर, भारतीयों की सुरक्षा के लिए संपर्क में है दूतावास

*सीरिया में तख्तापलट और उसके बाद उत्पन्न हुई राजनीतिक अस्थिरता के बीच विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि सीरिया के हालात पर भारत पैनी नजर बनाए हुए है। दमिश्क में मौजूद हमारा दूतावास भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए उनके संपर्क में बना हुआ है। भारत इस बात पर जोर दे रहा है कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए। हम वहां के समाज के सभी वर्गों के हितों और आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए सीरिया के नेतृत्व वाली एक शांतिपूर्ण और समावेशी राजनीतिक प्रक्रिया का समर्थन करते हैं। पूर्व में मंत्रालय ने अपने एक बयान में किसी से भी सीरिया की यात्रा से परहेज करने की अपील की थी।*

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' संविधान संशोधन विधेयक इसी सत्र में लाने की तैयारी

*दो तिहाई बहुमत दूर की कौडी इसीलिए चुना जा सकता है जेपीसी का रास्ता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महात्वाकांक्षा योजना 'वन नेशन वन इलेक्शन' का मसौदा इसी शीतकालीन सत्र में रखे जाने की संभावना है। दोनों सदनों में शीतकालीन सत्र के दस दिन गुजर जाने के बाद भी किसी न किसी कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। ये बात ट्रेजरी बेंच को भलीभांति पता है कि वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक सदन पटल से पारित कराना आसान नहीं। इसके लिए संविधान संशोधन करना होगा। संविधान संशोधन के लिए संसद में दो तिहाई बहुमत आवश्यकता होगी जो कि मौजूदा समीकरण को देखते हुए कतई संभव नहीं, लिहाजा केंद्र सरकार के रणनीतिकारों ने विधेयक सदन पटल पर रखकर विस्तार से चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजे जाने की विपक्ष की मांग को स्वीकार कर बीच का रास्ता अख्तियार करेंगे। विदित हो कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति ने वन नेशन वन इलेक्शन का मसौदा तैयार कर केंद्र को सौंप दिया है। मसौदे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट की मुहर भी लग चुकी है।

### सभी दलों के नेताओं से सहमति ली जाएगी

*जेपीसी के माध्यम से न सिर्फ सभी दलों के नेताओं से सहमति ली जाएगी बल्कि क्षेत्रीय दलों, चुनाव से जुडी तमाम एजेंसियों यहां तक कि आम नागरिकों की राय भी मांगी जाएगी ताकि विस्तृत विमर्श को अमलीजामा पहनाया जा सके। वन नेशनल वन इलेक्शन योजना को मूर्त रूप देने के लिए संविधान में कम से कम छह संशोधनों की जरूरत होगी। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत भाजपानीत राजग सरकार के पास नहीं। लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत के आसपास है। एक तिहाई बहुमत के लिए दोनों सदनों में विभिन्न गैर राजग दलों के समर्थन की जरूरत पडेगी।*

# ईरान-इजराइल के बीच तनाव से वैश्विक चिंताएं बढ़ीं: जयशंकर

मनामा डायलॉग में अपने संबोधन में विदेशमंत्री ने कहा

एजेंसी ▶▶| मनामा

विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने दो दिवसीय दौरे पर बहरीन में हैं। जहां उन्होंने कहा कि ईरान, इजराइल के बीच संबंध या इसका ना होना चिंता का विषय है। भारत के कुछ कूटनीतिक प्रयास इस पहलू पर केंद्रित हैं। जयशंकर ने यह इजराइल और ईरान पर यह टिप्पणी बहरीन में मनामा डायलॉग में अपने संबोधन में किया है। अपने संबोधन में जयशंकर ने लाल सागर में हूती चरमपंथियों द्वारा कमर्शियल जहाजों पर हमलों का सीधे तौर पर उल्लेख किए बिना कहा कि भारत सुरक्षा स्थिति को ठीक करने में रुचि रखता है। जिनमें संघर्षों को और फैलने से रोकना, प्रमुख संपर्क परियोजनाओं का महत्व और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार की आवश्यकता शामिल है।



### व्यापार पर गहरा और नुकसानदेह प्रभाव पड़ा

*विदेश मंत्री ने कहा, इस क्षेत्र में हमारे सामने बहुत बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं, जिनका एशिया में व्यापार पर बहुत गहरा और नुकसानदेह प्रभाव पड़ा है। लाल सागर में अस्थिर स्थिति को देखते हुए, माल की खेपों को अन्य मार्गों से भेजा गया, जिससे परिवहन की लागत काफी बढ़ गई। 'वास्तव में इस क्षेत्र में अदन की खाड़ी, सोमालिया, उत्तरी अरब सागर में हमारी नौसेना की उपस्थिति रही है। पिछले एक साल में यहां लगभग 30 जहाज तैनात रहे हैं, कभी वहां अधिकतम 12 जहाज ही तैनात थे।' जयशंकर ने कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र के साथ-साथ भूमध्य सागर में भी अपने साझेदारों के साथ द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास बढ़ाने का इरादा रखता है।*

# हाईवे पर बैग में मिली आईईडी... सेना ने किया नष्ट

## जम्मू-कश्मीर में बड़ी साजिश नाकाम

एजेंसी ▶▶| जम्मू कश्मीर



श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर टीसीपी पलहालन में एक संदिग्ध बैग मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। जांच के बाद पता चला कि बैग में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस प्लांट कर रखी थी। जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर टीसीपी पलहालन में सोमवार को एक संदिग्ध बैग मिला। सूचना पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने बैग की जांच की तो उसमें आईईडी मिला। सुरक्षाबलों ने आईईडी को कब्जे में ले लिया। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की नापाक हरकत को नाकाम कर दिया। बाद में सेना ने संदिग्ध वस्तु को नष्ट कर दिया।

### कहासुनी के बाद पुलिस जवान ने मारी साथी को गोली, मौत

इससे पहले, उधमपुर में आपस में कहासुनी के बाद एक पुलिस जवान ने अपनी एके 47 से साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे की है। कश्मीर के सोपोर से तीन पुलिस जवान रियासी के तलवाड़ा ट्रेनिंग सेंटर के लिए सरकारी वाहन से निकले। रैंबल क्षेत्र में स्थित काली माता मंदिर के पास वाहन में ही किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। सूचना मिलते ही रैंबल पुलिस थाने के प्रभारी निशाद संबूरिया टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए जीएमसी उधमपुर पहुंचाए।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# जर्मनी का नागरिक बन गया चार बार का विधायक

## हाईकोर्ट भी हैरान, अब सुनाई सजा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



इस बात पर भरोसा कर पाना मुश्किल है कि कोई शख्स भारत के किसी राज्य में चार बार विधायक रहा हो और वह देश का नागरिक ही ना हो। तेलंगाना हाई कोर्ट के एक ताजा फैसले से ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता चेन्नामनेनी रमेश जर्मन नागरिक हैं और उन्होंने वेमुलावाड़ा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। अदालत ने कहा कि चेन्नामनेनी रमेश ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके खुद को भारतीय नागरिक दिखाया। कोर्ट ने यह फैसला कांग्रेस के नेता आदी श्रीनिवास की ओर से दायर याचिका पर दिया।

### कोर्ट ने लगाया भारी-भरकम जुर्माना

अदालत ने माना कि चेन्नामनेनी रमेश जर्मन दूतावास से ऐसे दस्तावेज अदालत के सामने पेश करने में फेल रहे कि वे अब उस देश (जर्मनी) के नागरिक नहीं हैं। अदालत ने रमेश पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें से 25 लाख रुपये आदी श्रीनिवास को दिए जाएंगे। श्रीनिवास ने नवंबर 2023 में रमेश को विधानसभा चुनाव में हरा दिया था। अदालत के फैसले के बाद कांग्रेस नेता आदी श्रीनिवास ने X पर पोस्ट कर कहा, 'पूर्व विधायक चेन्नामनेनी रमेश पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, वह जर्मन नागरिक के तौर पर झूठे दस्तावेजों के आधार पर विधायक चुने गए थे।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर, 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311, Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre, रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551, समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद, आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग सहित दो की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राईस मिल के पास ट्रैक्टर के पलटने से एक नाबालिग सहित दो लोग दब गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, भेनू ध्रुव, प्रेमशंकर खड़िया 26 नवंबर को राजकुमार के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 0640 में प्रेमशंकर निषाद का सेंट्रिंग सामान लाने ग्राम आरंगी गए रहे। आरंगी से सेंट्रिंग सामान लेकर वापस ग्राम पतेरापाली आते समय टुरीडीह चौक के पास ट्रैक्टर खराब होने से चालक प्रेमशंकर निषाद उसे सुधरवाने रूका था तथा ट्रैक्टर में सवार भेनु ध्रुव, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, प्रेमशंकर खड़िया पैदल टुरीडीह चौक से अपने गांव पतेरापाली रायतुम पैदल जा रहे थे। इसी दौरान रात करीबन 10 बजे टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राइस मिल के पास टुरीडीह चौक की ओर से आ रही ट्रैक्टर के चालक प्रेमशंकर निषाद ने अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलट दिया, जिससे पैदल चल रहे भेनू ध्रुव एवं प्रेमशंकर खड़िया ट्रैक्टर के इंजन में दब जाने से दोनों को गंभीर चोटें आई दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पिथौरा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### गबन मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी

**भानुप्रतापपुर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केवटी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक मनोहर महावीर, कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल टांडिया, ओमप्रकाश जाड़े, बीरेंद्र टांडिया, भोजराज जैन, पवन कुमार के द्वारा अपने ड्यूटी के दौरान लगभग 68 किसानो से कर्ज की वसूली कर सरकारी खाते में जमा न कर लगभग 23 लाख से अधिक की राशि को गबन किया, जिस पर थाना भानुप्रतापपुर में उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ 420 आईपीसी का मामला दर्ज किया गया। अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से ही सभी आरोपी अपने गिरफ्तारी के डर से लुकछिप रहे थे, जिसमे 16 नवंबर को कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल टांडिया को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार आरोपी आरोपी पवन सलाम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### सड़क हादसे में बीएसएफ जवान घायल, हालत गंभीर

**धमतरी।** बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे बीएसएफ जवान की कार को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ठोकर मार दी। इस हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बच्चों को मामूली चोट आई है। परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी-सिलौटी निवासी प्रीतेश कुमार साहू पिता चावित्राम उम्र 34 वर्ष बीएसएफ की 50वीं बटालियन का जवान है। उसकी पोस्टिंग मेघालय में है। जवान 23 दिन की छुट्टी पर पांच दिन पहले ही अपने घर आया है। सोमवार की सुबह जवान दो बच्चों को स्कूल छोड़ने कार से ग्राम लोहरसी स्थित केन्द्रीय विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान स्कूल से पहले गली की तरफ से लोहरसी के मुख्य मार्ग पर आ रही रेत से लदी तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेक्टर की ठोकर से जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार में पीछे सवार बच्चों को मामूली चोट आई है। सूचना पर संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए घायल को रिफर कर दिया गया। परिजन घायल जवान को श्रीराम अस्पताल ले गए।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने किया रिकार्ड डिस्पैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज के साथ और ओर हैंडलिंग ने भी रचा कीर्तिमान**



भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने नवम्बर माह में श्रेष्ठ डिस्पैच का भी रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। स ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने श्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया।

तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों द्वारा नवंबर माह के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया। कार्यक्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग व सुरक्षा मानकों के अनुपालन से ही यह उपलब्धियां संभव हो पाई है।

संयंत्र के सिंटर प्लांट, बीआरएम, ओएचपी सहित विभिन्न विभागों ने अब तक का श्रेष्ठ मासिक उत्पादन कीर्तिमान रचा है। साथ ही संयंत्र के आरएमपी-3 से लाइम उत्पादन, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील व बिलेट उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील उत्पादन, फिनिश्ड स्टील उत्पादन, सेलेबल स्टील के उत्पादन के साथ ही प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के साथ रेल मिल से लॉन्ग रेलों के उत्पादन व डिस्पैच में श्रेष्ठ नवम्बर माह का कीर्तिमान दर्ज किया है।

संयंत्र के ओर हैंडलिंग विभाग ने नवम्बर 2024 में कुल मटेरियल हैंडलिंग 18,38,864 टन दर्ज किया है, जोकि नवम्बर 2022 में 16,59,941 टन दर्ज किया गया था। आरएमपी–3 द्वारा नवम्बर 2024 में लाइम + सीडी का कुल उत्पादन 53,390 टन दर्ज किया गया, जोकि नवम्बर 2023 में बनाये गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 45,848 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। संयंत्र के सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन नवम्बर 2024 में 7,51,180 टन दर्ज किया गया है, जोकि नवम्बर 2022 में 7,30,375 टन दर्ज किया गया था।


## विकास : नई रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय ने सर्वे को दी मंजूरी

# धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक बिछेगी रेल लाइन, रेल मंत्रालय से हरी झंड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- दल्लीराजहरा से रावघाट-रावघाट से जगदलपुर 140 किमी लाइन दो चरणों मे बिछाई जाएगी

अलग खबर



फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टीविटी बढ़ाने पर लगातार काम होने का दावा रेलमंत्री ने कांकेर सांसद को लिखित जवाब में दिया है। रेलमंत्री ने यह भी दावा किया है,कि छत्तीसगढ़ में एक नई रेलवे लाइन के लिए सर्वे को मंजूरी मिल गई है। जो धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे को मंजूरी दी गई है। बुधवार को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने रावघाट परियोजना पर भी लेटेस्ट अपडेट साझा किया। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अतिरिक्त कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बांसकोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। इस रेलवे ट्रैक का काम पूरा होने के बाद कांकेर क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

दरअसल कांकेर सांसद भोजराज नाग ने लोकसभा में प्रश्न रखा कि क्या धमतरी रेलवे लाइन को कांकेर शहर से जगदलपुर तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव है केन्द्रीय रेल मंत्री ने अपना जवाब सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत, दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (कुल लंबाई 235 किमी) को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

### रावघाट परियोजना 77 किमी का काम पूरा

वैष्णव ने बताया कि दल्लीराजहरा से रावघाट 95 किमी का प्रथम चरण पूर्णता की ओर है। इस चरण में दल्लीराजहरा से ताडोकी तक 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी गई है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इसी प्रकार रावघाट से जगदलपुर 140 किमी तक रेलवे लाइन दूसरे चरण में बिछाई जानी है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

# 5 किलो का बम बरामद 2 नक्सली जेल दाखिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

नक्सल मोर्चे पर सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फूलबगड़ी पुलिस और डीआरजी की टीम ने दो नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर जंगल से टिफिन बम 1 लगभग 5 किग्रा, इलेक्ट्रिक वायर लगभग 18 मीटर, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 2 , जिलेटिन रॉड 3 , झोला 1 और नक्सल पर्चा 6 बरामद किया गया है। दोनों पर थाना फुलबगड़ी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

पुलिस अफसरों ने बताया कि नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर 7 दिसंबर को थाना फुलबगड़ी से जिला बल की पार्टी बड़सेट्टी व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। इस दौरान ग्राम बड़ेसट्टी बुरदापारा, करकापारा के मध्य नाला के पास के जंगल में 2 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगे, जिन्हें सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम माड़वी मंगा और माड़वी भीमाराम बताया। दोनों नक्सली संगठन में केरलापाल एरिया कमेटी अन्तर्गत मूलेर आरपीसी में मिलिशिया सदस्य के पदों पर कार्य करना बताया। विस्फोटक सामग्रियो को छिपाकर रखे जाने के संबंध में पूछने पर सुरक्षा बलों के आने-जाने वाले मार्ग मे प्लांट कर नुकसान पहुंचाने की मंशा से रखा जाना बताया।

# छड़ का दो हजार मांगने पर कर दी थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



घोंघीबाहरा हत्याकांड के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महज 2 हजार रुपए न देना पड़े इसके लिए आरोपी ने डंडे से प्राणघातक हमला कर हत्या कर देने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

हत्या का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि 4 दिसंबर को ग्राम घोंघीबाहरा निवासी नंदकुमार खड़िया (33) का शव गांव के बाहर सड़क किनारे मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर कर जांच शुरू की। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण हत्या पाया गया। बाद पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध धारा 103 (1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की और मुखबिर को भी अलर्ट किया। मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का ही भीखम साहू घटना स्थल में शराब पीकर बैठा था। पुलिस ने भीखम साहू (60) को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरा घटनाक्रम सामने आया। एएसपी ने बताया कि मृतक नंद कुमार खड़िया ने कुछ दिन पहले अपने मकान निर्माण से बचा हुआ छड़ (सरिया) को भीखम साहू को बेचा था। जिसका 2 हजार रुपये नंदकुमार को लेना था। घटना के दिन भीखम और नंदकुमार ने ग्राम बनसिवनी जाकर शराब पी। बाद गांव वापसी के दौरान रास्ते में नंदकुमार भीखम से अपने छड़ का पैसा मांगने लगा जिस पर दोनों में विवाद हो गया। उसी समय घटनास्थल घोंघीबाहरा में सड़क किनारे पड़े डंडे से भीखम ने नंदकुमार के सिर पर प्राणघातक प्रहार किया जिससे मौके पर ही नंदकुमार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त डंडा तथा घटना के समय पहनी हुई शर्ट जब्त कर लिया है।

# चावल वितरण में सेल्समैन ने मारी डंडी, पीड़ित ग्रामीणों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी/बालोद






- दो किलो चावल और शक्कर देने के आश्वासन पर ग्रामीण माने

राज्य व केंद्र सरकार गरीबों को राशन उपलब्ध करा रही है, लेकिन उनके हक पर सेल्समैन डंडी मार रहे हैं। निर्धारित वजन में एक से डेढ़ किलो कम दे रहे हैं। डौंडी ब्लाक अंतर्गत ग्राम मरकाटोला के ग्रामीणों को इस बात का पता चलने पर ग्राम पंचायत के सामने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें सेल्समैन पूरा चावल न देकर डंडी मारकर कम चावल दे रहा है। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर फूड अधिकारी ने पहुंचकर उनकी बातें सुनी और सेल्समैन को राशन दुकान से तत्काल हटा कर हितग्राहियों को राशन लौटाने निर्देश दिए। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। रविवार को ग्राम पेवारी और मरकाटोला के राशन कार्ड हितग्राही कृष्णा राम कौडो, सदेराम उसेडी, परमेश्वर कुमार, भागवत यादव, उदय यादव, मांगोतीन बाई, सेवती बाई, सरस्वती, दूरपत, रूपई, शहजादी, जास्मिन, परमा, पुष्पा, चंद्रिका, लता बाई, लखन लाल, बीरेंद्र सहित कई हितग्राही अपना राशन सामाग्री लेने राशन दुकान पहुंचे थे, जहां सभी को राशन वितरण किया जा रहा था। जब पेवारी के कृष्णा राम कौडो अपना 42 किलो चावल लेकर अन्य दुकान में कांटा करवाया तो वह 40 किलो निकला। फिर कृष्णा पुनः राशन दुकान पहुंच कांटा करवाया तो 42 बताने से अहसास हो गया कि यहां सेल्समैन सभी हितग्राहियों को ठग रहा है। इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो सभी लामबद्ध होकर सोमवार को ग्राम पंचायत के सामने सुबह से धरने पर बैठ गए।

फूड अधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि किस तरह सेल्समैन उनके हक पर डाका डाल रहा है। इसकी जांच करने पर अधिकारी को मानक मात्रा में कम राशन सामाग्री दिए जाने का आरोप सही पाया। अधिकारी को सेल्समैन ने बताया गया कि ग्राम में 438 हितग्राही है, जिनमें से इस माह 170 हितग्राहियों को राशन दिया जा चुका है, कांटा मशीनरी है, इसलिए उन्हें कम तौल होने की जानकारी नहीं थी। जानकारी होने के बाद सभी हितग्राहियों को कमी राशन की भरपाई की जायेगी। इस बात पर ग्रामीणों की सहमति बनी और मांग पर अधिकारी ने सेल्समैन को तत्काल प्रभाव से हटा दिया तथा 14 दिसंबर तक पूर्ण रिपोर्ट पेश करने निर्देशित किया। इसके बाद ग्रामीण धरना प्रदर्शन समाप्त कर घर लौटे।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली पत्नी सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पोटियाडीह में एक युवक ने ससुरालियों द्वारा धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने पर लगा ली थी फांसी

धर्मांतरण के लिए लगातार दबाव बनाए जाने से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र ग्राम पोटियाडीह निवासी लीनेश कुमार साहू उम्र 35 वर्ष टेलर का काम करता था।

युवक ने 6 दिसंबर की रात्रि अपने मकान के ऊपर के कमरे में लगे वेंटिलेशन में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली थी। मृतक के चाचा खूबचंद साहू 30 वर्ष पोटियाडीह निवासी की रिपोर्ट पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने युवक के शव के पास उसका मोबाइल बरामद किया। मोबाइल में युवक ने अपनी आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी करूणा साहू, सास गौरी साहू, ससुर राजकुमार साहू, डेढ़सास किरण साहू व साली कनिष्का को बताया। इनके द्वारा दूसरे धर्म को अपनाने के लिए बार-बार दबाव बनाकर परेशान किए जाने से आत्महत्या करने का मैसेज व्हाटसअप के स्टेटस में लगाया गया। मृतक ने अपने बहन दामाद गुलशन साहू को 7 दिसंबर 2024 को 3 बजकर 43 मिनट पर उक्त मैसेज को भेजा था। पुलिस ने मोबाइल के व्हाटसअप स्टेटस व भेजे गए मैसेज की स्क्रीनशॉट लेकर पंचनामा तैयार कर जब्त किया। मोबाइल को भी जब्त किया गया। जांच के दौरान मृतक के पिता प्रेमनाथ साहू, गवाह शैलेंद्र साहू पिता द्वारिकाप्रसाद, परमेश्वर साहू, गुलशन साहू व थानू साहू से पूछताछ कर बयान लिया गया। इस मामले में थाना में धारा 108, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### शादी के बाद से धर्मांतरण के लिए बना रहे थे दबाव

जांच में पाया गया कि लीनेश साहू का विवाह एक साल पहले सितंबर 2023 में संत कबीर आश्रम पोटियाडीह में जयमाला डालकर हुआ था। शादी के 3-4 माह बाद से ही पत्नी करूणा साहू, सास-ससुर व अन्य ससुरालियों द्वारा मृतक व उसके माता-पिता पर दूसरे धर्म को अपनाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मना करने पर लड़ाई झगड़ा करते थे। परेशान व प्रताड़ित होकर युवक ने आत्महत्या की।

### गार्डन में तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** शहर के रमसगरी गार्डन में तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कोतवाली पुलिस सोमवार को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मरादेव मंदिर के पास पुलिस को मुखबिर से रवि नायक उर्फ भूरी द्वारा रमसगरी गार्डन में तलवार लहराने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल गार्डन पहुंची। यहां रवि नायक धारदार तलवार लहरा रहा था।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

Har Ghar Jal Jal Jeevan Mission

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्र/दिनांक 10/161176/13-11-2024 (जी क्रंमाक 242503833) की निविदा अपरिहार्य कारणो से एवं निविदा सूचना/सिस्टम क्र/दिनांक 11/161178/13-11-2024 (जी क्रमांक 242503833) तथा 12/161179/13-11-2024 (जी क्रंमाक 242503833) की निविदा एकल निविदा होने से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

G-242504433/3

# तीन तुकड़े कर पत्नी की हत्या की शिकायत झूठी निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



पुलिस थाना फिगेंश्वर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति अपनी पत्नी की किसी के द्वारा हत्या कर तीन टुकड़े कर दिए जाने की शिकायत की। थाना प्रभारी पवन वर्मा, एसएस आई चिंता राम देशमुख सक्ते में आ गया और फौरन उस शिकायतकर्ता को साथ लेकर उनके बताए अनुसार खेमन कोशरे निवास ग्राम चरौदा सतनामी पारा पहुंचा। शिकायतकर्ता रतनदास सतनामी ग्राम बम्हनी ने पुलिस को वहां बताया कि खेमन सतनामी चरौदा अन्य ने मेरे वर्तमान निवास रायपुर पहुंच कर जानकारी दी कि तुम्हारी पत्नी रेणुका सतनामी की किसी ने हत्या कर तीन तुकड़े कर दिया है। इसलिए रायपुर से इस्पेशल गाड़ी किराए कर फिगेंश्वर थाना पहुंचा हुं। इतना सुनते ही खेमन परिवार एवं सतनामी परिवार के लोग पुलिस पर भड़क गए कहा कि आप लोग कम से कम कोटवार को फोन कर औपचारिक तस्दीक कर लिए होते। इस तरह की कोई इसको जानकारी नहीं दी है, न ही कोई ऐसा घटना घटी है। पुलिस को इन्होंने गुमराह किया है। इस पर पुलिस कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पुलिस ने उसकी पत्नी रेणुका से फोन से बात हुई तब पुलिस ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि आए दिन मारपीट एवं चाकू से हमला किया था। जिसका मामला रायपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज है। दरअसल रतनदास का चरौदा में ससुराल है, खेमन के बहन से शादी हुई है जिसकी दो बच्चे हैं। फिलहाल रतनदास को पुलिस को गुमराह करने के आरोप में थाना जरूर ले गया लेकिन बाद में छोड़ दिया। कार्रवाई नहीं होने से चरौदा में पुलिस के प्रति नाराजगी जताई है।

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
(3rd Call)

NIT NO: 53/ZONE 08/2024 RAIPUR DATED : 06/12/2024

Online bids are invited for the following works up to 17/10/2024 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable Amount of contract (in Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 162518 | डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड-19 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से सफाई कार्य हेतु 35 श्रमिक उपलब्ध कराने बाबत् (अकुशल श्रमिक) | 5779728.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 06/12/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 08
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
Tell/Fax : 0788-26161276, Email:nhmnikum@gmail.com

क्रमांक/स्था./2024/5220 निकुम, दिनांक 06.12.2024

**-:: निविदा सूचना ::-**

सर्व सधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि इस विभाग में स्कूल एवं आगनबाडी के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हेतु किराये के वाहन उपलब्ध कराने जाने हेतु व्यक्ति /फर्मो से मुहर बंद निविदायें पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट /रजिस्ट्री के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि मे 500 /- रूपये की नगद राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र ब्रिकी की अंतिम तिथि :- दिनांक 27.12.2024 दिन शनिवार शाम 5.00 बजे तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 02.01.2024 दिन गुरूवार दोपहर 2.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 02.01.2024 दिन गुरुवार समय दोपहर 03 बजे

निविदा खोलने का स्थान :- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम, विकासखण्ड- दुर्ग (निकुम) जिला- दुर्ग (छ.ग.)

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम जिला दुर्ग (छ.ग.)

G-242504424/2

## खबर संक्षेप

### अदाणी के कृष्णापट्टनम पोर्ट को आयात की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में स्थित अदाणी कृष्णपट्टनम बंदरगाह को एक मार्च, 2026 तक भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, बंदरगाह को सार्वजनिक हित में 28 अगस्त, 2024 से एक मार्च, 2026 तक समुद्र के रास्ते पेट्रोलियम उत्पाद आयात करने की मंजूरी दी गई है।

### रुपया आठ पैसे घटकर 84.74 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 84.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी कोषों की ताजा निकासी तथा घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख से रुपये की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि आयातकों और विदेशी बैंकों की डॉलर मांग के कारण भी रुपया कमजोर बना हुआ है।

### वेदांता समूह राजस्थान में एक लाख करोड़ करेगा निवेश



**जयपुर।** वेदांता समूह राजस्थान में अपनी कंपनियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगले दो-तीन साल में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इससे रोजगार के एक लाख अतिरिक्त अवसरों का सृजन होगा। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक वर्तमान में 10 लाख टन जस्ता का उत्पादन कर रही है।

### एसएमएफजी इंडिया को ड्यूश बैंक से मिला कर्ज



**मुंबई।** जर्मनी के ऋणदाता ड्यूश बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को 9.1 करोड़ यूरो (लगभग 813 करोड़ रुपये) का कर्ज दिया है। यह तीन साल की अवधि का स्थिरता-संबंधी ऋण है। इससे जापान की एसएमएफजी की स्थानीय शाखा द्वारा वंचित अर्ध-शहरी क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों तथा महिला कर्जदारों को कर्ज दिया जाएगा।

### इन्वेंचुरस नॉलेज के आईपीओ का मूल्य दायरा हुआ तय



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा सहायता सेवाएं प्रदान करने वाली इन्वेंचुरस नॉलेज सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 2,498 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,265-1,329 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, आईपीओ 12 दिसंबर को खुलेगा और 16 दिसंबर को बंद होगा।

### इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल के निर्गम का मूल्य दायरा तय

INTERNATIONAL GEMOLOGICAL INSTITUTE

**नई दिल्ली।** ब्लैकस्टोन समर्थित कंपनी इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड ने 4,225 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 397-417 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 13 दिसंबर को खुलेगा और 17 दिसंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 12 दिसंबर को बोली लगा पाएंगे। इसमें कहा गया, आईपीओ 1,475 करोड़ रुपये के नए शेयर और 2,750 करोड़ रुपये मूल्य की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

# बजाज लांच करने जा रही चेतक ई-स्कूटर का नया वर्जन, पहले से मिलेगा ज्यादा रेंज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बजाज ऑटो 20 दिसंबर को अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक का अपडेटेड मॉडल लांच करने जा रहा है। चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर में नए बॉडी फ्रेम इस्तेमाल किया जाएगा, जिसमें बैटरी पैक स्कूटर के फ्लोरबोर्ड के नीचे फिक्स होगा।

- सीट स्टोरेज को बढ़ाकर 22 लीटर तक किया जा सकता है

नए वर्जन में स्कूटर के अंडर सीट स्टोरेज को बढ़ाकर 22 लीटर तक किया जा सकता है। इसके अलावा ई-स्कूटर के डिजाइन में भी कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं लेकिन ये मामूली होंगे। ई-स्कूटर में नए बैटरी पैक के साथ ज्यादा रेंज भी मिलने की उम्मीद है।

## बजाज 20 दिसंबर को चेतक का अपडेटेड मॉडल करेगी लांच

### 1 लाख के आसपास हो सकती है कीमत

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए बजाज चेतक की कीमत भी मौजूदा मॉडल के आसपास ही रखी जा सकती है। वर्तमान में बजाज चेतक 96,000 रुपए से लेकर 1.29 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की कीमत के साथ 3 वैरिएंट में अवेलेबल है। वहीं नए मॉडल को 1 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लांच किए जाने का अनुमान लाया जा रहा है।

### चेतक की रेंज और बैटरी

चेतक स्कूटर का मौजूदा वैरिएंट फुल चार्ज पर 137किमी की रेंज देता है। इसकी टॉप स्पीड 73किमी प्रतिघंटें है और तीन वैरिएंट में आता है। इसमें चेतक 2903, चेतक 3202 और चेतक 3201 शामिल है, जिसकी कीमत 95,998 रुपए से शुरू होकर 1,27,244 लाख रुपए तक जाती है।



*टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन होगा : यह इलेक्ट्रिक स्कूटर डिस्क ब्रेक, अलॉय व्हील, एलईडी लाइटिंग, टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और आईपी67 रेटेड वॉटरप्रूफ बैटरी के साथ आएगा। ब्रेकिंग के लिए इसमें अभी दोनों तरफ ड्रम ब्रेक मिलते हैं, लेकिन नए मॉडल में डिस्क ब्रेक सेटअप भी मिल सकता है।*

### स्टील बॉडी के साथ एलईडी लाइटिंग सेटअप

इलेक्ट्रिक स्कूटर पहले की तरह स्टील बॉडी के साथ आएगा और इसके डिजाइन में बदलाव कम ही मिलेंगे। इसमें बॉडी कलर्ड रियर व्यू मिरर, सैटिन ब्लैक ग्रैब रेल, मैचिंग पिलियन फुटरेस्ट और चारकोल ब्लैक फिनिश टू हेडलैंप केसिंग मिलेगी।

### ब्लूटूथ ऐप कनेक्टिविटी दी जाएगी

हिल-होल्ड कंट्रोल और फॉलो मी होम लाइट जैसे फीचर्स की बात करें तो ईवी में पहले की तरह टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, म्यूजिक कंट्रोल, कॉल अलर्ट और कस्टमाइजेबल थीम के साथ कलर्ड टीएफटी डिस्प्ले, फॉलो मी होम लाइट और ब्लूटूथ ऐप कनेक्टिविटी दी जाएगी। इसके अलावा, स्कूटर में हिल-होल्ड कंट्रोल और एक एक्स्ट्रा 'स्पोर्ट' राइड मोड भी मिलेगा। भारत में चेतक का मुकाबला एथर रिज्टा जेड, ओला एस1 प्रो और टीवीएस आई-क्यूब जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से है।

## 25वें गवर्नर का कार्यकाल पूरा कर अपने दायित्व से होंगे मुक्त

# रिजर्व बैंक के मुख्यालय से आज विदा लेंगे गवर्नर शक्तिकांत दास

**'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने दो बार सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय बैंकर भी घोषित किया**

एजेंसी ▸▸ मुंबई

छह साल तक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कमान संभालने वाले शक्तिकान्त दास मंगलवार को केंद्रीय बैंक के 25वें गवर्नर का अपना कार्यकाल पूरा कर दायित्व से मुक्त हो जाएंगे। सरकार ने राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को आरबीआई का नया गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा आरबीआई के 26वें गवर्नर होंगे। इस नियुक्ति के साथ ही दास को आरबीआई गवर्नर के तौर पर तीसरा कार्यकाल मिलने की चर्चाएं थम गईं। इसके पहले वह गवर्नर के तौर पर दिसंबर, 2018 से तीन-तीन साल के दो कार्यकाल व्यतीत कर चुके हैं।

### ऊर्जित पटेल की जगह कार्यभार संभाला

दास को ऊर्जित पटेल के अचानक गवर्नर पद छोड़ने के बाद पहली बार 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई की कमान सौंपी गई थी। बीते छह वर्षों में उन्हें अमेरिका स्थित 'ग्लोबल फाइनेंस' पत्रिका ने दो बार सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय बैंकर भी घोषित किया। दास ने आरबीआई गवर्नर के तौर पर पिछले हफ्ते मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक की अध्यक्षता भी की।



### नोटबंदी के समय प्रमुख भूमिका में रहे

आरबीआई की कमान संभालने के पहले दास 2016 की नोटबंदी के समय भी प्रमुख भूमिका में थे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1980 बैच के अधिकारी दास ने राजस्व विभाग और आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के रूप में कार्य किया था। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें 15वें वित्त आयोग का सदस्य और जी20 समूह में भारत का शेरपा भी नियुक्त किया गया था।

### मोदी सरकार के साथ तालमेल अच्छा रहा

आरबीआई गवर्नर के तौर पर दास का नरेंद्र मोदी सरकार के साथ तालमेल अच्छा रहा। उनके गवर्नर बनने के बाद से एक बार भी आरबीआई की स्वायत्तता का मुद्दा नहीं उछा। वह सहयोगियों और मीडिया के लिए स्पष्टवादी और सुलभ रहे। उन्होंने आम सहमति का रास्ता अपनाते हुए सरकार के साथ संवाद बनाए रखा।

दास को तीसरा कार्यकाल मिलने की चर्चाओं पर लगा विराम ▸ गवर्नर दास 2018 से तीन-तीन कार्यकाल व्यतीत कर चुके ▸ 26वें गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा की नियुक्ति

### अंतिम चार वर्षों में आर्थिक वृद्धि सात फीसदी से अधिक रही

हालांकि, महामारी से उबरने के बाद दास की अगुवाई वाली एमपीसी ने आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने की तेजी दिखाई। उनके कुशल प्रबंधन को देखते हुए सरकार ने 2021 में उन्हें एक बार फिर आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किया। दास ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि उनके कार्यकाल के अंतिम चार वर्षों में आर्थिक वृद्धि सात प्रतिशत से अधिक रहे।

### बाजार की चिंताओं को चतुराई से किया दूर

दास ने न केवल बाजार की चिंताओं को दूर किया बल्कि सरकार को अधिशेष हस्तांतरण से संबंधित मुद्दों को चतुराई से हल भी किया। उसके एक साल बाद ही भारत समेत पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी के चंगुल में फंस गई थी। एक प्रमुख आर्थिक नीति निर्माता के रूप में दास को लॉकडाउन से उपजे व्यवधानों के प्रबंधन की चुनौती का भी सामना करना पड़ा।

# बीते वित्त वर्ष तांबे की मांग 13 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 1700 किलो टन हुई
- बुनियादी ढांचे में तांबे की मांग का 43 प्रतिशत हिस्सा होता है

अंतरराष्ट्रीय तांबा संघ-भारत ने सोमवार को कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास और भवन निर्माण की तीव्र गति से भारत की तांबे की मांग बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1,700 किलो टन हो गई।

अंतरराष्ट्रीय तांबा संघ ने बयान में कहा कि पारंपरिक रूप से भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे में तांबे की मांग का 43 प्रतिशत हिस्सा होता है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में यह 11 प्रतिशत का योगदान देता है। संघ द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, देश में तांबे की मांग 2023-24 में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1,700 किलो टन (केटी) तक पहुंच गई। उद्योग निकाय ने कहा कि इस उछाल का श्रेय समग्र आर्थिक वृद्धि को जाता है। कोविड महामारी के बाद वित्त वर्ष 2020-21 और 2023-24 के बीच औसत वार्षिक तांबे की मांग में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उसने कहा कि देश में तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे और भवन निर्माण क्षेत्रों की मांग के चलते अगले वित्त वर्ष में तांबे की मांग में वृद्धि जारी रहेगी।

### सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में मांग बढ़ी

सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निवेश, उच्च उपभोक्ता खर्च और भवन निर्माण, बुनियादी ढांचे, परिवहन, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति से यह वृद्धि हुई है। इससे तांबे की मांग में बढ़ोतरी दो अंक में रही है।

# सेंसेक्स 201 अंक टूटा निफ्टी भी फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- रिलायंस और यूनीलीवर में रही बिकवाली
- निवेशकों के उत्साह में कमी से सीमित दायरे में कारोबार

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 200 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 200.66 अंक गिरावट के साथ 81,508.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 81,783.28 अंक तक गया और नीचे में 81,411.55 अंक तक आया। निफ्टी भी 58.80 अंक यानी 0.24 प्रतिशत फिसलकर 24,619 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''पिछले हफ्ते की तेजी के बाद निवेशकों के उत्साह में कमी के कारण बाजार में एक सीमित दायरे में कारोबार हुआ और यह नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और पावरग्रिड शामिल हैं।

# सोने में 190 रुपए की गिरावट चांदी 350 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 190 रुपये की गिरावट के साथ 78,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पहले शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 350 रुपये की तेजी के साथ 93,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 190 रुपये की गिरावट के साथ 78,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। शुक्रवार को यह 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

# टाटा मोटर्स, किआ इंडिया के वाहन नए साल से होंगे महंगे

- वाहनों में तीन फीसदी तक की वृद्धि की उम्मीद
- बढ़ती लागत की आंशिक भरपाई के लिए बढ़ाई जाएगी कीमतें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



टाटा मोटर्स और किआ इंडिया ने बढ़ती लागत की आंशिक भरपाई के लिए नए साल यानी जनवरी से अपने वाहनों की कीमतें बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की।

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि वह अगले महीने से अपने यात्री वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। मुद्रास्फीति में वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए वह वाहन कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है। बयान के मुताबिक, जनवरी, 2025 से प्रभावी होने वाली यह मूल्य वृद्धि मॉडल और उनके संस्करणों के आधार पर अलग-अलग होगी। दूसरी ओर, किआ इंडिया ने बयान में कहा, एक जनवरी 2025 से प्रभावी मूल्य वृद्धि मुख्य रूप से जिंसों की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है।

*मर्सिडीज, ऑडी व बीएमडब्ल्यू भी बढ़ाएगी कीमतें : इससे पहले मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर सहित कई वाहन विनिर्माता कंपनियां भी अगले महीने से वाहन की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर चुकी हैं। लक्जरी वाहन निर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया, ऑडी और बीएमडब्ल्यू ने भी लागत और परिचालन व्यय में वृद्धि का हवाला देते हुए जनवरी से कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है।*

## हुंडई लगाएगी 600 ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन ...



**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया अगले सात वर्षों में देश भर में करीब 600 सार्वजनिक ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी। मोटर वाहन विनिर्माता ने बयान में कहा, कंपनी की योजना दिसंबर 2024 के अंत तक 50 'फास्ट पब्लिक चार्जिंग स्टेशन' का नेटवर्क बनाने की है। समूचे देश में अगले सात वर्षों में करीब 600 सार्वजनिक ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। हुंदै मोटर इंडिया के कार्य प्रमुख (कॉरपोरेट योजना) जे वान रयू ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार के 2030 तक मजबूती से बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, उसके चार्जिंग स्टेशन भारत में निर्मित सभी चार पहिया ईवी के लिए सुलभ बनाने के लिए तैयार किए गए हैं, जो उचित दाम पर सुविधाजनक चार्जिंग समाधान प्रदान करते हैं।

# दोपहिया वाहनों की अच्छी मांग से खुदरा बिक्री में इजाफा : फाडा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- नवंबर में वाहनों की बिक्री 11.21 प्रतिशत बढ़ी
- यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट दर्ज

देश में दोपहिया वाहनों की अच्छी मांग के बीच विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की खुदरा बिक्री नवंबर में 11.21 प्रतिशत बढ़कर 32,08,719 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 28,85,317 इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को बयान में कहा, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 15.8 प्रतिशत बढ़कर 26,15,953 इकाई रही, जबकि नवंबर 2023 में यह 22,58,970 इकाई थी। दूसरी ओर, यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री 13.72 प्रतिशत घटकर 3,21,943 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 3,73,140 इकाई थी। इसकी वजह पीवी खंड के समक्ष पेश हो रहीं विभिन्न चुनौतियां रहीं।

फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, '' नवंबर की शुरूआत में उम्मीद थी कि इसकी गति पहली जैसी रहेगी, खासकर शादी ब्याह की वजह से..लेकिन डीलरों की प्रतिक्रिया से पता चलता है कि इस खंड ने उम्मीदों से कम प्रदर्शन किया है। फाडा अध्यक्ष ने कहा, '' हालांकि ग्रामीण बाजारों से कुछ समर्थन मिला, मुख्य रूप से दोपहिया वाहन श्रेणी में लेकिन विवाह संबंधी बिक्री धीमी रही। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पर उन्होंने कहा, '' कमजोर बाजार भावना, सीमित उत्पाद विविधता और अपर्याप्त पेशकश के साथ-साथ त्योहारी मांग के अक्टूबर में स्थानांतरित होने से स्थिति ओर जटिल हो गई।''

### वाणिज्यिक वाहन खंड में भी बिक्री घटी

फाडा के अनुसार, वाणिज्यिक वाहन खंड में खुदरा बिक्री नवंबर में 6.08 प्रतिशत घटकर 81,967 इकाई रही जबकि नवंबर 2023 में 87,272 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की बिक्री 4.23 प्रतिशत बढ़कर 1,08,337 इकाई हो गई जो एक साल पहले इसी महीने में 1,03,939 इकाई थी।

### खाद्य मुद्रास्फीति में सुधार की उम्मीद

बयान में कहा गया, खरीफ की अच्छी फसल की संभावना से खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने की संभावना है, जिससे व्यापक वृहद आर्थिक माहौल में सुधार होने की उम्मीद है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले महीनों में उपभोक्ता भावना को बढ़ावा मिल सकता है।

## ऑर्डर में 10 विमान चौड़े आकार वाले ए350 श्रृंखला के

# एयर इंडिया का एयरबस को 100 और विमानों का आर्डर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एयर इंडिया ने सोमवार को 100 एयरबस विमानों की खरीद का नया ऑर्डर देने की घोषणा की। इनमें 10 विमान चौड़े आकार वाले ए350 श्रृंखला के, जबकि 90 विमान पतले आकार वाले ए320 श्रृंखला के होंगे।

- 90 विमान पतले आकार वाले ए320 शृंखला के होंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि 100 विमानों का यह ऑर्डर पिछले साल एयरबस और बोइंग को दिए गए 470 विमानों के ऑर्डर के अतिरिक्त है। एयरलाइन ने अपने ए350 बेड़े के लिए कलपुर्जे और रखरखाव सहायता के लिए एयरबस के साथ समझौते की भी घोषणा की।

### कंपनी 470 विमानों के लिए देगी ऑर्डर

एयर इंडिया ने फरवरी, 2023 में घोषणा की थी कि वह 470 विमानों के लिए ऑर्डर देगी और 370 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर विकल्प भी होंगे। जून, 2023 में इस ऑर्डर की पुष्टि की गई।

### एयरबस पर फिर दिखाया भरोसा

एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिलोम फॉरी ने कहा, ''मुझे खुशी है कि एयर इंडिया ने हमारे ए320 परिवार और ए350 विमानों के लिए इस अतिरिक्त ऑर्डर के साथ एयरबस पर फिर से अपना भरोसा दिखाया है।''



### एयरबस को दिए विमानों के ऑर्डर की संख्या 350

इस नए ऑर्डर के साथ अब एयर इंडिया की तरफ से एयरबस को दिए गए विमानों के ऑर्डर की संख्या 250 से बढ़कर 350 हो गई है। पिछले साल दिए गए 250 विमानों के ऑर्डर में ए350 श्रृंखला के 40 और ए320 श्रृंखला के 210 विमान शामिल थे।

### विश्वस्तरीय एयरलाइन बनाने में मदद मिलेगी

टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, ''ये अतिरिक्त 100 एयरबस विमान एयर इंडिया को 'अधिक वृद्धि' के मार्ग पर आगे बढ़ाने में मदद करेंगे और एयर इंडिया को एक विश्वस्तरीय एयरलाइन बनाने के हमारे मिशन में योगदान देंगे।''

### एयरबस से कुल 344 नए विमान मिलने हैं

कंपनी ने कहा कि 100 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर के साथ एयर इंडिया को एयरबस से कुल 344 नए विमान मिलने हैं। इनमें से उसे अबतक छह ए350 विमान मिल गए हैं।

# विश्व शतरंज चैंपियनशिप : लिरेन ने गुकेश को हराकर की वापसी, दोनों के 6-6 अंक

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 12वीं बाजी में सोमवार को यहां गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से हार गए जिससे दोनों का स्कोर छह-छह अंक के साथ बराबर हो गया।

लगातार सात ड्रॉ मुकाबलों के बाद 18 साल के गुकेश ने रविवार को 11वीं बाजी में जीत के साथ चीन के खिलाड़ी पर एक अंक की बढ़त कायम की थी लेकिन 32 साल के लिरेन ने अगली ही बाजी में मुकाबला बराबर कर दिया। 'क्लासिकल' प्रारूप के 14 में से 12 बाजियों के बाद दोनों खिलाड़ी खिताब से 1.5 अंक दूर है।



### गुकेश की कल अहम चाल

गुकेश के लिए बुधवार की बाजी काफी अहम होगी क्योंकि यह सफेद मोहरों से क्लासिकल प्रारूप की उनकी आखिरी बाजी होगी। 14वीं बाजी में लिरेन सफेद मोहरों से बेहतर स्थिति में होंगे। लिरेन ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में भी रूस के इयान नेपोम्नियाचची से तीन बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

### हाथी की बलि देकर चौंकाया

लिरेन कम समय के बावजूद गुकेश पर दबदबा बनाने में सफल रहे। लिरेन ने अपने रूक (हाथी) की बलि देकर शानदार रणनीतिक खेल का कौशल दिखाते हुए गुकेश को चकमा दिया जिससे भारतीय खिलाड़ी को 39 चालों के बाद हार माननी पड़ी।

### ऐसे निकलेगा परिणाम

चौदह बाजियों के बाद भी अगर परिणाम बराबरी (सात-सात अंक) पर रहा तो विजेता का फैसला 'फास्टर टाइम कंट्रोल' से होगा। लिरेन ने इस मैच की शुरुआती बाजी को अपने नाम किया था जबकि गुकेश तीसरी बाजी के विजेता बने थे। इसके आठ मुकाबले बराबरी पर छूटे हैं। लिरेन की जीत के साथ ही यह तय हो गया कि विश्व चैंपियनशिप के विजेता का फैसला 14वें दौर में या उसके बाद होगा।

### सफेद मोहरों से पहली जीत

सफेद मोहरों से यह लिरेन की पहली जीत है। इस मुकाबले के लिए गुकेश की तैयारी पिछले 11 मैचों की तरह अच्छी नहीं दिखी। चीन के खिलाड़ी ने इंग्लिश ओपनिंग (वजीर के आगे वाले प्यादे को दो घर चलना) का सहारा लिया और गुकेश ने ऐसी ही चाल (बेनोनी डिफेंस) से इसका जवाब दिया। इस मुकाबले में 15 चाल तक दोनों खिलाड़ी बराबरी पर थे लेकिन इसके बाद गुकेश की स्थिति कमजोर होने लगी।

## ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बने कपिल



**भुवनेश्वर।** दिल्ली के नौ वर्षीय आरित कपिल यहां केआईआईटी इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिका के रासेट जियातदीनोव को पराजित करके शतरंज ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। कपिल ने यह उपलब्धि नौ साल, दो महीने और 18 दिन की उम्र में हासिल की। वह क्लासिकल टाइम कंट्रोल में ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय और दुनिया के तीसरे खिलाड़ी हैं। किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी सिंगापुर के भारतीय मूल के अश्वथ कौशिक हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में पोलैंड के जेसेक स्तूपा के खिलाफ जीत दर्ज करके यह उपलब्धि हासिल की थी। तब उनकी उम्र केवल आठ वर्ष और छह महीने थी। जियातदीनोव 66 वर्ष के हैं और निश्चित तौर पर वह अपने चरम पर नहीं हैं लेकिन उन्होंने सफेद मोहरों से खेल रहे कपिल को कड़ी चुनौती दी। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि उनकी हर चाल का अच्छी तरह से जवाब दिया और 63 चाल में यह बाजी जीत कर भारतीय शतरंज के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा।

## खबर संक्षेप



### शेफ़लर ने जीता हीरो वर्ल्ड चैलेंज खिताब

**अल्बानी।** स्कॉटी शेफ़लर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दौर में नौ अंडर 63 का स्कोर बनाकर हीरो वर्ल्ड चैलेंज में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। अमेरिका के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी शेफ़लर ने रविवार को कुल 25-अंडर 263 (67, 64, 69, 63) के साथ खिताब अपने नाम किया।

### अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि खेलूंगा या नहीं

**एडिलेड।** 'साइड स्ट्रेन' से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सोमवार को यहां एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।



टेस्ट : श्रीलंका को 109 रनों से दी मात

# अफ्रीका ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में बना नंबर-1

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन सोमवार को श्रीलंका को 109 रनों से हराकर श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। जीत लिए 348 रन का पीछा कर रहे श्रीलंका को मैच के पांचवें दिन जीत के लिए और 143 रन की जरूरत थी जबकि उसके पांच विकेट बचे थे। श्रीलंका की दूसरी पारी 238 रन पर सिमट गई। वामहस्त स्पिनर केशव महाराज ने 76 रन पर पांच विकेट झटके। टेस्ट करियर में उन्होंने 11वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 358 बनाने के बाद श्रीलंका को 328 रन पर आउट किया था। उसने दूसरी पारी में 317 रन बनाए। श्रीलंका को आखिरी दिन कल के नाबाद बल्लेबाज डिसिल्वा और मेंडिस से चमत्कार की उम्मीद थी। दोनों ने दिन की शुरुआत में एक समान 39 रन पर थे। दिन के सातवें ओवर में महाराज ने मेंडिस को एडेन मारक्रम के हाथों कैच कराया। डिसिल्वा अर्धशतक पूरा करने के बाद कैगिसो रबाडा की गेंद को विकेटकीपर काइल वेरिन के हाथों में खेल गए जिससे श्रीलंका की हार तय हो गई। श्रीलंका ने छह रन के अंदर आखिरी तीन विकेट गंवा दिए।



### ऑस्ट्रेलिया से छिनी बादशाहत

अफ्रीकी टीम जीत से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत एक दिन भी नहीं टिक सकी। भारतीय टीम को एडिलेड में हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया डब्लूटीसी प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची थी। हालांकि, कंगारू टीम के यह बादशाहत ज्यादा देर तक नहीं रह पाई। अगले दिन साउथ अफ्रीका ने पहले पायदान पर कब्जा कर लिया। अफ्रीका ने 10 में से 6 मैच जीते हैं। 3 में टीम को हार मिली और 1 मैच ड्रॉ रहा। साउथ अफ्रीका के 76 अंक और प्वाइंट्स प्रतिशत 63.330 है।

### तीसरे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम

ऑस्ट्रेलिया ने 2023-25 साइकिल में 14 में से 9 मैच जीते हैं और 4 में उन्हें हार मिली है। 1 मुकाबला ड्रॉ पर भी समाप्त हुआ है। कंगारू टीम के 102 अंक और प्वाइंट्स प्रतिशत 60.710 है। एडिलेड में हार क बाद भारतीय टीम तीसरे नंबर पर खिसक गई है। टीम इंडिया इस साइकिल में 16 मैच खेल चुकी है और उसने 9 पर कब्जा जमाया है। 6 में भारत को हार मिली है और 1 मैच ड्रॉ भी रहा है। भारतीय टीम के 110 अंक और प्वाइंट्स प्रतिशत 57.290 है। अगर रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम को फाइनल खेलना है तो हर हाल में टॉप-2 में रहना होगा।

### रदरफोर्ड का तूफानी शतक, वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को हराया

**बासेटेरे।** शेरफेन रदरफोर्ड की 80 गेंदों में 113 रन की तूफानी पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया। रदरफोर्ड ने 47वें ओवर में सौम्य सरकार की गेंद पर नाहिद राणा को कैच थमाने से पहले अपनी पारी में आठ छक्के और सात चौके लगाए। वेस्टइंडीज ने उनकी इस पारी की मदद से 295 रन का लक्ष्य 47.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर दिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 294 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था।

एडीलेड नोक झोंक

## सिराज पर जुर्माना, हेड को एक डिमेरिट अंक की सजा



एजेंसी ▶▶| एडीलेड

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर यहां खेले गए दिन-रात्रि के दूसरे क्रिकेट टेस्ट में तीखी बहस के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है जबकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भी सजा दी है।

सोमवार को अनुशासनात्मक सुनवाई के बाद सिराज और हेड को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, सिराज को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद उन पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने कहा कि हेड को भी खिलाड़ियों और खिलाड़ी के सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.13 का उल्लंघन करने के लिए 'दंडित' किया गया था।

सिराज और हेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक भी जुड़ गया जो पिछले 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। आईसीसी ने कहा, 'दोनों ने अपने अपराध स्वीकार किए और मैच रेफरी रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार किया।'

### हेड को दी थी आक्रामक विदाई

दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की 10 विकेट की जीत के दौरान दूसरे दिन हेड और सिराज के बीच कुछ समय के लिए नोक झोंक हुई थी। हेड ने सिराज की गेंद पर आउट होने से पहले 141 गेंद में 140 रन की शानदार पारी खेली थी। सिराज ने हेड को आक्रामक विदाई दी थी जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई थी। इस घटना के बाद भारतीय खिलाड़ी को एडीलेड में दर्शकों से हूटिंग का सामना करना पड़ा था।

## मैनी ने विश्व चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास



एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा। वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

मैनी के लिए फार्मूला-2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है। इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।


फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867


फाइनल में यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराया

## हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने जीता टेनिस प्रीमियर लीग खिताब

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने यहां यश मुंबई ईगल्स को 51-44 से हराकर तीसरी बार टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब जीता। हैरियट डार्ट, बेंजामिन लॉक और विष्णु वर्धन ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करके हैदराबाद की टीम की जीत सुनिश्चित की।

डार्ट ने महिला एकल में यश मुंबई ईगल्स की ज़ेनेप सोनमेज़ के खिलाफ 14-11 के स्कोर से जीत हासिल करके हैदराबाद स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद करण सिंह ने लॉक के खिलाफ पुरुष एकल में 14-11 से जीत दर्ज करके मुंबई को मुकाबले में बनाए रखा। हैदराबाद स्ट्राइकर्स ने मिश्रित युगल मैच में जीत दर्ज करके मुकाबले में अपना दबदबा बनाया। मिश्रित युगल में डार्ट और वर्धन की जोड़ी ने ज़ेनेप सोनमेज़ और जीवन नेदुनचेझियन पर 16-9 से जीत हासिल की। पुरुष युगल में करण और नेदुनचेझियन ने काफी कोशिश की लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके। वर्धन और लॉक ने मैच 10-10 से समाप्त कर हैदराबाद को विजेता बनाया।



### एटलेटिको मैड्रिड की लगातार नौवीं जीत

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पहली बार तीन गोल खाए, लेकिन इसके बावजूद वह एंटोनी ग्रीज़मैन के दो गोल की मदद से सेविला को 4-3 से हराने में सफल रहा, जो सभी प्रतियोगिताओं में उसकी लगातार नौवीं जीत है। स्पेनिश लीग में तीसरे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड ने इस तरह से चौथे स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर अपनी तीन अंकों की बढ़त बहाल की। बिलबाओ ने रविवार को इससे पहले विलारियल को 2–0 से हराया था।




बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

सुपेला शाखा: तुलसी कॉम्प्लेक्स, कोहका रोड, सुपेला भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.), फोन-0788-2297155.

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, सुपेला शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, सुपेला शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| सुपेला शाखा:- श्री संजय शरण पिता स्वर्गीय निशिकांत शरण | अचल फ्री-होल्ड संपत्ति की सभी भाग मौजा जुनवानी, फेस-III, प्रथम तल, फ्लैट नंबर 01, ब्लॉक नंबर A-15, चौहान हाउसिंग (चौहान ग्रीन वैली) खसरा क्र. 41/4,41/6 एवं 41/7 का भाग PC. नं. 15/21, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल 595 वर्गफीट श्री संजय शरण पिता स्व. निशीकांत शरण के नाम पर स्थित, **चौहद्दी** :- उत्तर-खुला आसमान/ब्लॉक A-14, दक्षिण-फ्लैट नंबर A15-04, पूर्व-फ्लैट नंबर A15-02, पश्चिम-सड़क/खुला आसमान. | दिनांक 11.09.2024 कब्जा दिनांक 07.12.2024 | ₹ 15,07,095.56 (पन्द्रह लाख सात हजार पंचानवे रुपये एवं छप्पन पैसे मात्र) + ब्याज + अन्य खर्च |

दिनांक : 10.12.2024, स्थान : भिलाई

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया


### भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 5-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने यहां दो से आठ दिसंबर तक हुई द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया। भारतीय टीम की अगुआई विरेंद्र सिंह कर रहे थे जबकि गिमाद्दु मैलकम ने श्रीलंका के कप्तान की भूमिका निभाई। भारतीय टीम ने पांचवां और अंतिम एकदिवसीय 13 रन से जीता। भारत ने 49.5 ओवर में 289 रन बनाने के बाद श्रीलंका को 48.4 ओवर में 276 रन पर समेट दिया। श्रीलंका के एलेनरोस कालेप को चार पारियों में 12 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत के संतोष कुमार मोहपात्रा को पांच पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 325 रन बनाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया।


**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर**

**निविदा सूचना**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर ( प्रधान कार्यालय) के अंतर्गत वर्ष 2024-25 सिस्टम आई.एस.आडिट हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के मानदण्ड अनुसार पात्रता रखने वाले चार्टर्ड एकाउंटेन्ट/अधिकृत फर्म से अधोलिखित अनुसार पृथक-पृथक बंद लिफाफा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के (1) प्रधान कार्यालय एवं रायपुर जिले की समस्त 21 शाखाओं हेतु (2) बलौदाबाजार एवं सारंगढ बिलाईगढ़ जिले की समस्त 17 शाखाओं हेतु (3) महासमुन्द जिले की समस्त 16 शाखाओं हेतु, (4) धमतरी जिले की समस्त 11 शाखाओं हेतु एवं (5) गरियाबंद जिले की समस्त 9 शाखाओं हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित तिथि / समय में प्रधान कार्यालय रायपुर में रजिस्ट्री डाक, स्वंय या अपने अधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जा सकेगा, विस्तृत विवरण आहर्ता, नियम / शर्तें बैंक के प्रधान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा अंतिम तिथि 20.12.2024 समय 3 बजे दोपहर तक प्रस्तुत की जा सकेगी। सतत अंकेक्षण सिस्टम आई.एस.आडिट की निविदा 21.12.2024 समय 3.00 खोली जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.
रायपुर (छ.ग.)





# चीन की सुपर स्पीड ट्रेन, जो विमान से भी तेज रफ्तार से कराएगी सफर

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन में एक ऐसी ट्रेन के निर्माण का काम शुरू हो गया है, जिसे इंजीनियरिंग का नायाब नमूना कहा जा रहा है। चीन में बनने वाली इस ट्रेन की रफ्तार विमान से भी तेज होगी। इसके लिए चाइना रेलवे मैग्नेटिक लेविटेशन (मैग्लेव) तकनीक का उपयोग करके यात्रियों को सुपर स्पीड से गंतव्य तक पहुंचाएगा। मैग्नेटिक लेविटेशन को मैग्लेव के नाम के नाम से भी जाना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेन की रफ्तार 1000 किलोमीटर प्रति घंटे होगी।



### वर्तमान में ट्रेनें 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं

चीन में हाई-स्पीड ट्रेनें वर्तमान में 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं और लंबी सुरंगों में भी 5जी कनेक्टिविटी उपलब्ध करती हैं। नए डिजाइन में ट्रेन पर लगे चुंबक पाइप के किनारे पर लगी धातु के साथ संपर्क करके ट्रेन को ऊपर उठाते हैं और उसे आगे बढ़ाते हैं। यह नया डिजाइन यात्रियों को वर्तमान रफ्तार से 650 किमी की अधिक गति से यात्रा कराने में सक्षम होगा।

### ट्रेन को चलाने में क्या हैं चुनौतियां?

मैग्लेव ट्रेन को लेकर विशेषज्ञों के लिए लगभग हाइपरसोनिक स्पीड के दौरान बेस स्टेशनों और फोन के बीच संचार बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती रहा है। जैसे-जैसे ट्रेन की रफ्तार बदलती है, सिग्नल की फ्रीक्वेंसी भी बदलती है। इसके आवश्यक डेटा ट्रांसफर को बनाए रखने के लिए आवश्यक सिग्नल बाधित होती हैं। इसके साथ ही वैक्यूम ट्यूब में बेस स्टेशन स्थापित करना भी कठिन काम है। अगर कंपन्न के कारण एंटीना उखड़ जाता है तो यह हाई स्पीड ट्रेन को खतरे में डाल सकता है।



## चीन की मैग्लेव ट्रेन में कमाल की तकनीक

यहां समझना जरूरी है कि लंबी दूरी के यात्री विमानों की औसत रफ्तार लगभग 850-900 किलोमीटर प्रति घंटे होती है। मैग्नेटिक लेविटेशन (मैग्लेव) तकनीक में चुंबकीय क्षेत्र को मजबूत करने के लिए वैक्यूम पाइप में सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट का उपयोग किया जाता है। यह तकनीक पारंपरिक प्रणाली में होने वाले घर्षण को खत्म करती है और ट्रेन हवा में तैरती हुई प्रभावी ढंग से आगे बढ़ती है। चीन में पहले से ही एक मैग्लेव ट्रेन चल रही है, जो शंघाई में हवाई अड्डे को शहर के केंद्र से जोड़ती है। यह ट्रेन 30 किमी की दूरी 7 मिनट में पूरी करती है।

## रोचक खबरें

### अभूतपूर्व : वैज्ञानिकों ने 1700 साल बाद बनाया सांता क्लॉज का असली चेहरा



**न्यूयार्क।** वैज्ञानिकों ने बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। उनका दावा है कि उन्होंने सांता क्लॉज का असली चेहरा विकसित कर लिया है। वैज्ञानिकों ने संत निकोलस के खोपड़ी के अवशेष की मदद से फोरेंसिक पद्धति से उनका थ्रीडी चेहरा बनाया है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि सांता क्लॉज का यही असली चेहरा है। करीब 1700 साल बाद सांता क्लॉज का असली चेहरा सामने आया है। वैज्ञानिकों के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। ऐसा पहली बार हुआ है जब इस ऐतिहासिक शख्सियत का असली चेहरा लोग देख सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सांता क्लॉज के निधन के 1700 साल बाद यह अभूतपूर्व चेहरा विकसित किया गया है। यह कार्य उनकी खोपड़ी के डेटा का विश्लेषण करने के बाद किया गया है। वैज्ञानिकों ने संत निकोलस ऑफ मायरा का चेहरा उनकी खोपड़ी के आधार पर फिर से विकसित किया है। सामने आई तस्वीर में सांता क्लॉज को एक चौड़े माथे, पतले होंठों और गोल नाक के साथ दिखाया है। अध्ययन के मुख्य लेखक सिसेरो मोरेस ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर किया गया है।

### जेब ढीली : 5 बीवियों का 1 पति, एक ही छत के नीचे रहते हैं साथ, खुश करने देगा 31 लाख के गिफ्ट



**साओ पाउलो।** आपने एक कहावत तो जरूर सुनी होगी, शादी के लड्डू जो खाए वो पछताए, जो न खाए वो भी पछताए। पर कुछ लोगों को तो शायद ये लड्डू इतने पसंद आ जाते हैं कि वो एक से ज्यादा बार इसे खाने को तैयार हो जाते हैं। ऐसा ही एक ब्राजीलियन शख्स के साथ भी है। उसे शादी के लड्डू इतने पसंद आए कि उसने 1-2 बार नहीं, कुल 9 बार इसे चखा है। इस आदमी की 9 बीवियां थीं, और वो सभी उसके साथ ही रहती थीं। पर अब उसकी 5 ही बीवियां साथ हैं, बाकी ने तलाक ले लिया। शख्स ने हाल ही में बताया कि क्रिसमस के मौके पर उसकी जेब ढीली होने वाली है, क्योंकि वो अपनी पांचों बीवियों को 31 लाख रुपए तक का गिफ्ट देने वाला है। आर्थर ओ उर्सो एक मॉडल है जो 2021 में अचानक तब चर्चा में आया, जब उसने एक बार में 9 लड़कियों से शादी रचा ली। कई लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर तब ट्रोल भी किया था। साओ पाउलो में रहने वाले आर्थर ने कड़ी मेहनत से अपना 28 किलो वजन कम किया था।

### तरीका : अंतरिक्ष में कैसे पीते हैं पानी? सुनीता ने पीकर दिखाया तो हैरान रह गए सभी



**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स जून महीने से ही अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं। वह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की कमांडर हैं और स्पेस से जुड़े विभिन्न एक्सपेरिमेंट्स को अंजाम दे रहीं। सुनीता ने हाल ही कुछ स्टूडेंट्स से वर्चुअल तरीके से बात की और बताया कि वह कैसे अंतरिक्ष में पानी पीती हैं। यह वीडियो देखकर लोग हैरान रह जाएंगे। सुनीता विलियम्स ने यह बातचीत अपने गृहनगर नीधम, मैसाचुसेट्स के एलिमेंट्री स्कूल के स्टूडेंट्स के साथ की है। एक स्टूडेंट ने सुनीता से पानी पीने के तरीके के बारे में पूछा, जिसके बाद सुनीता ने एक पानी का पैकेट निकाला और फिर उसमें से स्ट्रॉ के जरिए कुछ पानी की बुलबुलें बाहर आईं। इन्हीं को सुनीता ने स्पेसक्राफ्ट में उड़ते हुए पिया। सुनीता और विल्मोर बुच ने हाल ही में अंतरिक्ष में अपने छह महीने पूरे किए हैं। दोनों जून के पहले हफ्ते में स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिए अंतरिक्ष में गए थे, लेकिन तकनीकी दिक्कत आने के बाद दोनों को अब अगले साल फरवरी तक वहीं रुकना पड़ रहा है। सुनीता स्पेस स्टेशन में तरह-तरह के काम कर रही हैं। कभी वह बाथरूम साफ करती हैं तो कभी वह किसान बन जाती हैं। हाल ही में अंतरिक्ष की माइक्रोग्रेविटी में सुनीता ने लेट्यूस (सालाद के पत्तों) को उगाया है।

इंसानियत का विकास समय के साथ हुआ है। इस विकास में ऐसे कई नियमों, मान्यताओं और रीति-रिवाजों को खत्म किया है जो हजारों साल पहले के लोग मानते आ रहे थे। ये नियम इतने अजीब थे, कि अगर आज के वक्त में भी ये लागू होते, तो यकीन मानिए लोग जीने से बेहतर दुनिया छोड़ देना चाहते।



# इतिहास के अजीबोगरीब नियम, आज भी होते लागू तो जीने से बेहतर लगता दुनिया छोड़ देना!

एजेंसी ▶▶| लंदन

वो इसलिए, क्योंकि ये नियम इंसानों को अपनी मर्जी से जीने ही नहीं देते थे, उन्हें हंसने और बात करने तक के लिए रोकते थे।

पुराने दौर में ये नियम जापान से लेकर चीन और प्राचीन रोम तक में था कि आम जनता राजा की आंखों में आंखें डालकर नहीं देख सकती थी। हालांकि, ये नियम समय-समय पर बदलता रहता था। जैसे अगर कोई रोमन राजा जीत के बाद शहर की सड़कों से निकलता था तो हर किसी को उसकी ओर देखना होता था।

### बच्चों को प्यार करना था गलत

ऑडी वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार पुराने समय में ये अजीब नियम था कि आप रोते हुए बच्चों को चुप नहीं करवा सकते थे, न ही उन्हें प्यार कर सकते थे। माना जाता था कि इससे बच्चे कमजोर हो जाएंगे। गले लगाना या चूमना पूरी तरह गलत माना जाता था।







### टेबल क्लॉथ में पोछना पड़ता था हाथ

आजकल अगर आप खाने के वक्त टेबल क्लॉथ पर हाथ पोछेंगे तो आपको बेवकूफी माना जाएगा, मगर मध्य काल के यूरोप में ऐसा करना आम बात थी। ये वो दौर था जब पर्सनल नैपकिन नहीं बनी थी, तब एक ही टेबल पर बैठे सभी लोग टेबल क्लॉथ में अपना हाथ पोछते थे।

### जमीन पर थूकना था आम बात

टेबल क्लॉथ पर हाथ पोछना आम था ही, उसके साथ ही खाना खाते वक्त हड्डी या कोई अन्य चीज को डाइनिंग रूम की जमीन पर थूकना आम बात थी। मेजबान अपने नौकरों से जमीन को साफ करवाते थे।

### महिलाओं से नहीं बात कर सकते थे पुरुष

पुराने वक्त में कोई भी पुरुष, महिलाओं से तब तक नहीं बात कर सकता था, जब तक वो महिला खुद न बात करे। विक्टोरियन इंग्लैंड में महिलाओं के पास ज्यादा आजादी नहीं होती थी, इसके बावजूद उनके पास इस बात की आजादी थी कि वो खुद से किसी जेंटलमैन को पहचान लें और उससे बात कर लें।

### दोनों हाथों को दिखाकर बात करना था गलत

1700 के दौर में एक अजीब मान्यता था, अगर लोग दोनों हाथ सामने वाले को दिखाकर बात करते थे, तो वो अशिष्ट व्यवहार माना जाता था। इस वजह से लोग एक हाथ को अपने कोट या ट्यूनिक में छुपाकर बात करते थे। उस दौर की पेंटिंग्स में भी आप यही देखेंगे कि लोगों के हाथ कोट के अंदर हुआ करते थे।

### डिनर पर साथ लाना होता था अपना बर्तन

18वीं सदी के यूरोप में अगर आपको कोई डिनर पर बुलाए, तो आपको अपने चम्मच और कांटे ले जाने पड़ते थे। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से सोने-चांदी के चम्मच और छुरी लाते थे।

### हंसना मना था

अब आप किसी औपचारिक मीटिंग में बैठे हैं, या किसी बड़े पद के लोगों के साथ मौजूद हैं, तो हल्का माहौल करने के लिए हंसना आम बात है। पर पुराने वक्त में ऐसा नहीं था। अगर तब आपने सबके सामने हंस दिया, तो उसे बुरा माना जाता था। अगर कोई बात बहुत ज्यादा मजेदार भी है, तब भी आप नहीं हंस सकते थे। अगर कोई ऐसी बात हो गई, जिसके कारण आप हंसी रोक ही नहीं पा रहे हैं, तो आपको बिना दांत दिखाए या मुंह खोले हंसना पड़ता था, ऐसे मौकों पर हाथों से मुंह छुपा लिया जाता था।

### घर की दहलीज पर कदम रखा तो आ जाती थी आफत

प्राचीन मिस्र में घर की दहलीज को सबसे खास और पवित्र जगह मानी जाती थी। उनका मानना था कि भगवान उनके घर की रक्षा दहलीज पर खड़े होकर कर रहे हैं। बस, इसी वजह से घर में आने वाले मेहमान उस घर की दहलीज पर नहीं खड़े हो सकते थे, उन्हें उसे लांघकर आगे बढ़ना पड़ता था।

### ट्रैवलिंग का था शौक

## घर बेचकर दुनिया देखने निकली महिला

**लंदन।** घूमने का शौक किसे नहीं होता, पर लोग कई बार अपनी जिंदगी की जिम्मेदारियों में ऐसे उलझ जाते हैं कि घूमना-फिरना साइड में रखकर अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके लिए ट्रैवलिंग सिर्फ शौक नहीं, उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा होता है। ऐसे लोग जिम्मेदारियों से मुक्त होना जानते हैं। इंग्लैंड की एक सीनियर सिटीजन महिला को भी घूमना इतना पसंद था कि उसने अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी, यानी अपने घर को बेच दिया और जुटाए हुए पैसों से दुनिया देखने चली गई। उसने इतने देश घूम लिए कि आप सोच भी नहीं सकते!

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार 61 साल की लिन स्टेफिनसन नॉटिंघमशायर के कार्लटन की रहने वाली हैं। उन्हें घूमना इतना पसंद था कि जब महामारी का दौर था, तब उन्होंने खुद से वादा किया कि लॉकडाउन हटने के बाद वो पूरी दुनिया घूमने जाएंगी। इस यात्रा से पहले ही वो कुछ और देश जा चुकी थीं। पर जब उन्होंने यात्रा शुरू की, तो रुकने का नाम ही नहीं लिया और कुल 167 देश घूम लिए। 26 नवंबर को साउथ पैसिफिक के नाउरू देश जाने के बाद उनके 167 देश पूरे हो चुके हैं।



### आगे भी जारी रखेंगी यात्रा

उनका मानना है कि वो अब दूसरों को भी यात्रा करने के लिए प्रेरित करती हैं। दो साल पहले उन्होंने साउदी अरब से शुरुआत की थी, उसके बाद वो नेपाल, भूटान, थाइलैंड, इराक, अफगानिस्तान, साउथ कोरिया, पाकिस्तान और तायवान घूम चुकी हैं। 26 नवंबर 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक उस वक्त लिन साउथ पैसिफिक के किरीबाती में थीं। अपनी इस यात्रा के दौरान वो मैंटा रे, स्टिंग रे, सी लायन्स, मरीन इगुआना, समुद्र कछुओं आदि के साथ भी स्विमिंग कर चुकी हैं। उन्हें सबसे अच्छा देश ईरान लगा, वहां के लोग उन्हें सबसे ज्यादा खुले दिल के और मेहमानों का स्वागत करने वाले लगे। वो आगे ऑस्ट्रेलिया, टिमोर लेस्टे, ब्रुनेई, बांग्लादेश जाएंगी।

# मृतकों के साथ ध्यान! 73 लाशों के साथ गुफा में चल रहा कौन सा काम

एजेंसी ▶▶| बैंकाक

थाईलैंड के एक बौद्ध मठ से 73 शवों की बरामदगी ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। मठ के भीतर इतने बड़े पैमाने पर शवों की मौजूदगी को लेकर सोशल मीडिया में हलचल मच गई है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले के सामने आने के बाद बौद्ध धर्मगुरुओं द्वारा शवों के इस्तेमाल और उनके उद्देश्यों पर सवाल उठ रहे हैं।

थाईलैंड के फिचिट प्रांत के थिफाकसांग पा सांगनायाथाम मठ से 22 नवंबर को पुलिस ने 41 शव बरामद किए। इस मठ में आध्यात्मिक अभ्यास के लिए इन शवों का इस्तेमाल किया जा रहा था। 1,600 वर्ग मीटर में फैला यह मठ घने जंगलों के बीच स्थित है। यहां न केवल शवों, बल्कि 600 से अधिक मगरमच्छों की भी मौजूदगी ने पुलिस को चौंका दिया। मठ के भीतर एक बड़े तालाब में मगरमच्छों को रखा गया था, जिन्हें दर्शक मठ में आकर देख सकते थे।



### 'मृत्यु का भय' दूर करने के प्रशिक्षण

मठ के प्रमुख भिक्षु फ्रा आजान साई फॉन पंडितो ने दावा किया है कि इन शवों का उपयोग बौद्ध भिक्षुओं को 'मृत्यु का भय' दूर करने के प्रशिक्षण के लिए किया जाता था। उनका कहना है कि भिक्षु इन शवों को देखकर ध्यान करते थे ताकि वे मृत्यु के विचार को स्वीकार कर सकें। यह पद्धति उनकी व्यक्तिगत खोज का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य भिक्षुओं की मानसिक स्थिरता और अनुशासन को बढ़ाना था। पुलिस ने मठ की सभी गतिविधियां बंद कर दी हैं और शवों को जब्त कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि इन शवों की पहचान और उनकी उत्पत्ति की जांच की जा रही है। मठ के भिक्षुओं ने दावा किया है कि ये शव उनके परिवारों और पुराने भिक्षुओं के हैं, जो मृत्यु के बाद मठ में ही रहने की इच्छा रखते थे।

### सर्दी में बाइक चलाने पर आती है मौत? महिला ने बताई आसान ट्रिक, छू भी नहीं पाएगी ठंड

**नई दिल्ली।** सर्दी का मौसम आ चुका है। धीरे-धीरे हवा में कनकनाहट महसूस होने लगी है। सर्दियां आते ही लोग गर्म कपड़ों में खुद को ढंक लेते हैं। लेकिन आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, ठंड में बाइक या स्कूटी चलाने के दौरान हवा की कनकनाहट सीधे छाती पर लगती ही है। ऐसे में एक महिला ने लोगों को इस सर्दी की समस्या से बचने का तरीका बताया है। दीप्ती कपूर नाम की महिला ने लोगों को सर्दियों में बाइक चलाने के दौरान लगने वाली ठंड से बचाव का उपाय बताया है। जैसे ही लोगों को ये आसान ट्रिक पता चली, सभी इसे फॉलो करने में जुट गए। महिला ने बताया कि जब भी आपको बाइक या स्कूटी चलानी हो, उससे पहले अपनी जैकेट के अंदर एक न्यूजपेपर रख लें। इसके बाद जिप लगा लें। पेपर ठंडी हवा को छाती तक पहुंचने नहीं देगी।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com